दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

अल्लू के बर्थडे पर आउट होगा .....

सामंथा एटली की अपकमिंग मूवी .....

वर्ष : 10 | अंक : 115 | लखनऊ, 04 अप्रैल, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

बाजार

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफटी 21,853.80

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को सहेजा, दिया जीत का मंत्र

काशी में अंतिम चरण में होगा मतदान, मौसम की चुनौतियों के बीच भी बनाना है जीत का रिकॉर्ड

वाराणसी में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ की बैठक

बूथ, शक्ति केंद्रों के पदाधिकारियों को भी सीएम योगी ने सहेजा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रिकॉर्ड जीत के लिए कार्यकताओं को मंत्र दिया। मुख्यमंत्री का पूरा जोर बूथ मजबूती पर था।

अपील- प्रधानमंत्री को इतने अधिक वोटों से जिताएं कि पूरा देश काशी की जनता पर गर्व करे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीतने के साथ ही मतों के अंतर का भी रिकॉर्ड बनाना है। पीएम मोदी जी को इतने मतों से विजयश्री दिलाएं कि पूरा देश काशी की जनता पर गर्व करे। उन्होंने कहा कि पहली जून को अंतिम चरण में वाराणसी में मतदान होगा। इस दौरान प्रचंड गर्मी होगी। गर्मी में बूथ प्रबंधन व जनसम्पर्क चुनौती भरा होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए बूथ प्रबंधन जितना ज्यादा शक्तिशाली- मजबूत होगा और जितना हमने जनसंपर्क किया होगा। ये आदरणीय प्रधानमंत्री के प्रति मतप्रतिशत को बढ़ाने और उनके द्वारा देश, प्रदेश व काशी के लिए किए गए लोक कार्य के प्रति हमारी कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक अवसर होगा।

अति आत्मविश्वास से बचकर करना होगा कार्य

सीएम योगी ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं है। मत प्रतिशत बढ़ेगा, इसमें भी संदेह नहीं है, लेकिन

अति आत्मविश्वास सदैव घातक होता है। अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ इकठ्ठा होकर बैठें और रणनीति तय करें कि इस बूथ क्षेत्र में कितने घर हैं। उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन से साझा करें। हमारी सुविधा के लिए जरूरी है कि जिन विकास कार्यों को हम बोल रहे हैं, उसे जनता बोलने लगे तो हमारा कार्य आसान हो जाएगा।

बूथ, शक्ति केंद्रों पर सीएम का जोर

मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं को मंत्र देते हुए कहा कि हर बूथ पर 800 से लेकर 1000 मतदाता होते हैं। इस आधार पर 200 से 250 परिवार निवास करता होगा। इन परिवारों पर जरा सा ध्यान देंगे तो हमारा काम आसान हो जाएगा। जनसंपर्क करने की बात आएगी तो बूथ की टोली तीन से चार दिन में हर परिवार से संपर्क कर सकती है। यह रणनीति आपके कार्य को आसान बना सकती है। एक पन्ना प्रमुख के पास मुश्किल से पांच से छह परिवार आएगा। इतने ही परिवार से संपर्क करना होगा। घर जाकर सबसे बात कर लीजिए। किसी के घर उठना-बैठना कर लें तो सभी परिवार जुड़ जाएंगे। इससे कार्य सरल हो जाएगा। पूरा चुनाव बूथ पर केंद्रित होना है। बूथ कार्य को आसान बनाने के लिए हम सबने व्यवस्था बनाई है पन्ना प्रमुख की। इसके माध्यम से कार्य को सरल बना देना है। संपर्क व संवाद हमारी ताकत है। इस पर फोकस करना है। एक पन्ना प्रमुख के साथ तीन की टोली होगी। अनुसांगिक इकाइयों के लोग भी जुड़ेंगे। 6-7 लोगों की टीम परिवारों से संपर्क करें। इससे विचारों के प्रभाव से परिवर्तन दिखेगा। 80 वर्ष के बुजुर्गों की सूची बनाकर उनका मत दिलाना है। सरकारी कर्मचारी से संपर्क करें। मोर्चा प्रकोष्ठ को अपने साथ जोड़ना है। माइक्रो लेबल पर आपकी भूमिका होगी। जाति-धर्म के आधार पर भी टोली बनाकर अपनों के भी जाना होगा।

सेवापुरी विधानसभा के लोगों को भी सहेजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवापुरी विधानसभा के लोगों को भी सहेजा। बोले कि सेवापुरी में विशेष जोर देना होगा क्योंकि वहां के विधायक अस्वस्थ हैं। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने व घटाने का कार्य अब भी हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर तबके के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार ने योजना बनाई है। देश का सम्मान बढ़ा है। हमारी जिम्मेदारी बन रही है कि पीएम मोदी जी के विकसित भारत के सपने को पूरा करें। इस बार मोदी जी को मिले मतों की बढ़त इतनी अधिक हो कि पूरा देश गौरव कर सके। यह काशी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है। व्यवहारिक धरातल पर क्या हो रहा है उसका ध्यान रखना होगा। अल्पसंख्यक मोर्चा एक सूची बनाए जिसमें उनके समाज के लिए हुए कार्य को आमजन तक पहुंचाया जाए। सीएम ने कहा कि चुनाव प्रचार में गुजरात समेत अन्य प्रदेशों से आये लोगों से भी संपर्क में रहें। एकजुट कर कार्य करें तो निश्चित ही बेहतर परिणाम मिलेंगे। बैठक में क्लस्टर इंचार्ज गिरीश चंद्र यादव, प्रभारी लोकसभा सतीश दुबे, लोक सभा समन्वयक अश्वनी त्यागी, अरुण पाठक, जिला महानगर प्रभारी , विधायक ,एमएलसी, योगी सरकार के मंत्री, मंडल अध्यक्ष ,मंडल प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मेयर आदि मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

जैसे को तैसा! चीन की हरकत पर भड़के हिमंत बिस्वा सरमा

बोले- हमें बदल देने चाहिए उनके 60 जगहों के नाम

नई दिल्ली, चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम बदलने पर चल रहे तनाव के बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सुझाव दिया कि भारत को चीन के नियंत्रण वाले तिब्बत क्षेत्र में 60 स्थानों के भारतीय नाम जारी करके जैसे को तैसा कदम के साथ जवाब देना चाहिए। सरमा ने गुवाहाटी में एक प्रेस वार्ता में बयान देते हुए कहा, ₹भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि चीन द्वारा प्रशासित तिब्बती क्षेत्र के लिए 60 भौगोलिक नाम जारी किए जाएं।₹ उन्होंने आगे कहा, ₹यह जैसे को तैसा होना चाहिए, मैं अधिक टिप्पणी नहीं करना चाहता, यह भारत सरकार का नीतिगत मामला है लेकिन अगर उन्होंने 30 का नाम लिया है, तो हमें 60 का नाम देना चाहिए।₹ इससे पहले, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों का नाम बदलने को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि ₹आविष्कृत₹ नाम निर्दिष्ट करने से इस तथ्य में कोई बदलाव नहीं आएगा कि राज्य भारत का अभिन्न अंग है, ₹है, है और हमेशा रहेगा₹। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के लगातार प्रयासों पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां राज्य के भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा होने की वास्तविकता को नहीं बदलती हैं। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने हाल ही में जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की, जो अरुणाचल प्रदेश का चीनी नाम है, और इसे दक्षिण तिब्बत का हिस्सा होने का दावा किया है। वहीं, पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक दृढ़ता से तैनात हैं और मामले के शांतिपूर्ण हल के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रहेगी क्योंकि सैनिकों की वापसी और तनाव में कमी ही आगे बढ़ने का रास्ता है।

छत्रपति संभाजीनगर में दर्जी की दुकान में आग लगने से सात लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में बुधवार तड़के दर्जी की एक दुकान में आग लगने के कारण दो बच्चों समेत सात लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि छावनी क्षेत्र के दाना बाजार स्थित दुकान में तड़के करीब चार बजे आग लग गई। उन्होंने बताया कि दर्जी की दुकान अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ एक इमारत के भूतल पर स्थित थी जबकि ऊपरी मंजिल पर लोग रहते थे। पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने संवाददाताओं से कहा, दुकान में तड़के

करीब चार बजे अचानक आग लग गई। पुलिस को घटना की जानकारी सुबह सवा चार बजे मिली। आग लगने के बाद उसका धुआं पहली मंजिल में पहुंच गया, जहां दुकान के ऊपर एक परिवार रहता था। दम घुटने से सात लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने का सही कारण जांच के बाद पता चल सकेगा।

कन्नौज से चुनाव लड़ने के 'अंतरद्वंद्व' में फंसे नजर आ रहे हैं अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रत्याशी चयन के मामले में ही यूटर्न नहीं ले रहे हैं, अपने बारे में भी वह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वह चुनाव लड़े या लड़वाये। कल तक जो अखिलेश यादव इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कर रहे थे। अब एक बार फिर उनके बारे में चर्चा है कि अखिलेश कन्नौज से चुनाव लड़ने का मोह छोड़ नहीं पा रहे हैं। आज फिर उन्होंने मीडिया के सामने कन्नौज से चुनाव लड़ने के संकेत दिये। वैसे इससे पहले भी उनके कन्नौज सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा थी, लेकिन तब सपा अध्यक्ष चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं बताए जा रहे थे,

ऐसे में पार्टी इस सीट से प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन करने में जुटी थी, लेकिन अब फिर कन्नौज का सियासी पारा चढ़ गया है।

वैसे इन अटकलों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से बूथ प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में कन्नौज से प्रत्याशी को लेकर चर्चा की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक अखिलेश यादव यदि कन्नौज सीट से चुनाव नहीं लड़ते हैं तो उनके चचेरे भाई तेज प्रताप को टिकट दे सकते हैं। कन्नौज में चुनाव प्रभारियों के साथ होने वाली बैठक में उनके नाम पर विचार किया जा सकता है, जिसके बाद इस फैसले पर अंतिम मुहर लग सकती है। पिछले बार कन्नौज सीट से अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने चुनाव लड़ा था, लेकिन वो बीजेपी के सुब्रत पाठक से हार गईं थीं। इसके बाद उन्होंने मुलायम सिंह के निधन के बाद मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की और सांसद बनीं।

इससे पहले खबर थी कि अखिलेश यादव तेज प्रताप यादव को रामपुर लोकसभा सीट से उतार सकते हैं। लेकिन, आजम खान इसके लिए राजी नहीं थे। इधर कन्नौज में सपा कार्यकर्ता चाहते हैं कि अखिलेश यादव यहां से चुनाव लड़ें लेकिन, बदली हुई परिस्थितियों में सपा अध्यक्ष चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। उन्होंने अपने करीबी नेताओं को ऐसे संकेत भी दिए हैं। तेज प्रताप यादव सपा संस्थापक मुलायम सिंह के बड़े भाई राजवीर सिंह यादव के बेटे हैं और साल 2014 में मैनपुरी सीट से सांसद भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं मिला। तेज प्रताप का लालू यादव से भी संबंध हैं। वो उनके दामाद हैं।

उत्तर प्रदेश से पलायन कर रहे गुंडे : अमित शाह

अखिलेश ने किया था राम मंदिर का विरोध

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश में अपने अभियान की शुरूआत कर दी। भाजपा उम्मीदवार संजीव बालियान के लिए वोट मांगने के लिए मुजफ्फरनगर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी सरकार थी जिसने लोगों की भावना का सम्मान किया और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव अयोध्या में राम मंदिर

के निर्माण के पक्ष में नहीं थे और कांग्रेस ने भी अपने शासन के दौरान इस बारे में कुछ नहीं किया।

जाटलैंड में शाह ने कहा कि ये चुनाव मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। मोदी जी ने गरीबों और किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारे कार्य किए हैं। मोदी जी ने गुड़ और गन्ने के इस क्षेत्र में गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर ढेर सारे बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा कि आप याद कीजिये जब कांग्रेस की सरकार थी, तब गन्ने की ऋफढ 210 रुपये प्रति क्विंटल थी। आज इसे 340 रुपये प्रति क्विंटल करने का काम मोदी जी ने किया है। भुगतान की जहां तक बात है, आज 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान करने का काम भाजपा की सरकार ने किया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बसपा के शासन में 19 चीनी मिलें बंद हुई, अखिलेश के शासन में 10 चीनी मिलें बंद हुई। लेकिन भाजपा के शासन में 20 से अधिक चीनी मिलों को शुरू किया गया और 5 नई चीनी मिलें बनाने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने कश्मीर से आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया है। सर्जिकल स्ट्राईक और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने का काम मोदी जी ने किया है।

अमित शाह ने कहा कि घमंडिया गठबंधन, जिसमें अखिलेश यादव की पार्टी और कांग्रेस पार्टी है, ये कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर बने। कांग्रेस ने 70 साल तक राम जन्मभूमि के मुद्दे को अटकाकर, लटकाकर और भटकाकर रखा। मोदी जी ने केस भी जीता, भूमि-पुजन भी किया और 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मैं यहां आया था, उस समय कैराना, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर से पलायन चालू हो गया था।

तिहाड़ जेल में बिगड़ रही अरविंद केजरीवाल की तबियत

वजन हो रहा लगातार कम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में बंद है। जेल में बंद होने के बाद से ही उनकी तबियत नासाज बताई जा रही है। सूत्रों ने खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल की सेहत खराब है। वहीं उनका वजन भी कम हो गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था जिसके बाद से उनकी सेहत लगातार खराब होती जा रही है। सूत्रों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल का वजन लगातार घट रहा है। पार्टी के मुताबिक गिरफ्तार होने के बाद उनका वजन 4 से 5 किलो तक काम हो गया है। हालांकि आम आदमी पार्टी के इस दावे का तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने विरोध किया है और इसे अफवाह बताया है। तिहाड़ जेल के अधिकारियों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल की तबीयत तो ठीक है। जेल के डॉक्टरों ने उनके स्वास्थ्य की स्थिति के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है।

वायनाड से राहुल गांधी ने दाखिल किया नामांकन

यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान के लिए लड़ाई है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। राहुल ने अपनी बहन प्रियंका गांधी और एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ वायनाड जिला कलेक्टर को अपना नामांकन पत्र सौंपा, जो रिटर्निंग ऑफिसर भी हैं। कागजात जमा करने के बाद, उन्होंने संविधान को बनाए रखने की शपथ पढ़ी जिसके बाद कागजात जमा करने की प्रक्रिया समाप्त हुई। राहुल सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और फिर अपना नामांकन जमा करने के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचने से पहले कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया।

इससे पहले कांग्रेस पार्टी के मौजूदा सांसद और उम्मीदवार राहुल गांधी ने

कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान के लिए लड़ाई है। एक तरफ वो ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र को, इस देश के संविधान को खत्म करना चाहती हैं। वहीं दूसरी तरफ एक ताकत है जो संविधान की रक्षा कर रही है और हमारे देश के लोकतांत्रिक स्वरूप की रक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी के लिए यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कौन किस तरफ है। यह बहुत स्पष्ट है कि कौन संविधान पर हमला कर रहा है, कौन इस देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला कर रहा है।

राहुल ने कहा कि मानव-पशु संघर्ष का मुद्दा है, मेडिकल कॉलेज का मुद्दा है। मैं इस लड़ाई में वायनाड के लोगों के साथ खड़ा हूं। हमने मेडिकल कॉलेज पर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की है, मैंने सीएम को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि लेकिन दुर्भाग्य से, वे आगे नहीं बढ़े हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि अगर दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी और जब केरल में हमारी सरकार बनेगी, तो हम दोनों ऐसा करेंगे, हम इन मुद्दों का समाधान करेंगे।

'जनता मोये-मोये कर देगी', अलग अंदाज में राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर कसा तंज, बज उठीं तालियां

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विपक्षी इंडिया ब्लॉक पर कटाक्ष करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह गठबंधन लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ठऊअ) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सामना नहीं कर सकता क्योंकि ₹देश की जनता मोये-मोये कर देगी।₹ राजनाथ के इतना कहते ही तालियां बज उठीं। गाजियाबाद में सात चरण के आम चुनावों के लिए मौजूदा विधायक और भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के पक्ष में प्रचार करते हुए रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि विपक्षी गुट 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए का मुकाबला करने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि गाज़ियाबाद से मेरा बहुत आत्मीय रिश्ता है। यह वही क्षेत्र है, जिसने पहली बार मुझे चुनकर,

लोक सभा में अपना प्रतिनिधित्व करने का काम किया था। गाज़ियाबाद आना मेरे लिए कोई घटना नहीं है।

राजनाथ ने कहा कि पिछले दस वर्षों से वीके सिंह जी यहाँ पर आप लोगों के प्रतिनिधि के रूप में काम करे थे। उन्होंने बहुत सुंदर काम किया और केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने अच्छा काम किया है। इस बार पार्टी ने अतुल गर्ग को प्रत्याशी बनाया है। वे भी काफी अनुभवी व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा से लड़ने और उसे हराने के लिए कई विपक्षी दल एक साथ आए। हालाँकि, आप सभी देख सकते हैं कि यह कुछ स्वार्थी विपक्षी नेताओं की सुविधा का गठबंधन है। हालाँकि, वे एकजुट होकर भी एनडीए का सामना नहीं कर सकते। 'इस देश की जनता इसका भी मोये मोये कर देगी।' वायरल 'मोये मोये' ट्रेंड एक सर्बियाई गाने से शुरू हुआ, जिसने टिकटॉक पर बड़े पैमाने पर लोकप्रियता हासिल की और बाद में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैल गया। हिट गाना 'मोये मोर', आधिकारिक तौर पर सर्बियाई गायक-गीतकार तेया डोरा द्वारा 'डेजनम' के नाम से जारी किया गया था।

उन्होंने कहा कि हमने देश में नागरिकता कानून को लागू किया है। इस कानून के माध्यम से किसी भी भारतीय नागरिक की नागरिकता नहीं जाने वाली। यह कानून नागरिकता लेने का नहीं बल्कि नागरिकता देने का कानून है। भाजपा नेता ने कहा कि भारत में जितने भी धर्मावलम्बी हैं हम सबका सम्मान करते हैं। हमने तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त किया है क्योंकि हम सभी की माँ और बहनों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल की बीमारी में पहले बड़ा महँगा इलाज होता था। जो स्टंट पहले एक लाख रुपये में आता था आज साढ़े सात हजार में आ रहा है। आज देश में बड़ी संख्या में जन औषधि केंद्र खोले गये हैं जहां गरीबों को सस्ती दरों पर दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ करवाई हो रही है। कुछ मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में जाना पड़ा है। मगर बहुत से विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। क्या भ्रष्टाचार पर कारवाई नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात लगातार बढ़ रहा है। आज बड़े बड़े उपकरण भारत से निर्यात हो रहे हैं। दस साल पहले भारत से सिर्फ.600करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात होता था। आज यह आँकड़ा 21000 करोड़ रुपये को पार कर कर गया है।

संक्षेप

वारंटी पिता-पुत्र गिरफ्तार ,भेजा जेल

मोहनलालगंज। पुलिस ने मारपीट व एससी/ एसटी के मुकदमे में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया 2020 में मारपीट व एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त नौमीलाल यादव व उसके बेटे दिनेश यादव निवासीगण कुंवरखेड़ा मजरा सुल्सामऊ थाना मोहनलालगंज को पुलिस टीम ने बुद्धवार को घर पर दाबिश गिरफ्तार किया।दोनो अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

एयरपोर्ट पर सोने के साथ-साथ विदेशी सिगरेट की तस्करी के मामले बढ़े

कस्टम अधिकारियों ने 1.33 करोड़ रुपये कीमत की सिगरेटें पकड़ी।

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। विदेशी सोने के साथ-साथ विदेशी सिगरेट की तस्करी कर लखनऊ लाए जाने के मामले भी बढ़ने लगे हैं। मंगलवार रात बैंकाक से तस्करी कर लखनऊ लाई गयी करीब 1.33 करोड़ रुपये कीमत की सिगरेटें कस्टम अधिकारियों ने लखनऊ एयरपोर्ट पर बरामद की। बता दें कि चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसी बीच मंगलवार रात एयर कस्टम की टीम ने तस्करों के पास से विदेशी सिगरेटें जब्त की हैं। बैंकाक से लखनऊ आने वाली उडान संख्या एफडी 146 शाम पौने सात बजे बैंकॉक से रवाना होकर रात करीब सवा नौ बजे अमौसी एयरपोर्ट पहुंचती है। बीती मंगलवार रात कस्टम की टीम ने संदिग्ध लगने पर 25 यात्रियों की जांच-पड़ताल की तो उनके पास से 7,85,200 विदेशी सिगरेटें बरामद हुईं।इन सिगरेटों की कीमत 1,33,48,400 रुपये बताई जा रही है।

छप्पर में लगी आग, बाल-बाल बचे गोवंश

अमन लेखनी समाचार

आग लगने से मलबे में तब्दील हुआ छप्पर – फोटो

लखनऊ। बीती रात अज्ञात कारणों के चलते छप्पर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से छप्पर के नीचे बंधे गोवंश बाल बाल बच गए। वहीं पास में सो रहा परिवार भी आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए. परिजनो की शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रुसेना निवासी भूपेंद्र अर्कवंशी का घर गांव के अंदर छप्परनुमा मकान है। रोज की तरह भूपेंद्र अर्कवंशी मंगलवार को खाना खाकर परिवार के साथ घर में छप्पर के नीचे सो रहा था। तभी अचानक देर रात करीब दस बजे अज्ञात कारणों के चलते गोवंशों की छाया के लिए रखें छप्पर में आग लग गई और लपटे उठने लगी। लपटों की तपिश से जब भूपेन्द्र की नींद खुली, तो छप्पर लपटों से घिरा था. यह देखकर वह घबरा गए। और शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग जाग गए और मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से छप्पर के नीचे खूटें में बंधे दो गोंवशों को छप्पर के नीचे से सकुशल निकाला गया। इसके बाद ग्रामीणों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समरसेबल की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पीड़ित भूपेंद्र ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आग लगने से उसे काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि एक दिन पूर्व पत्नी और बच्चे ससुराल गए हुए थे। जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

नौकरानी ने घर से चुराए लाखों रुपए के कीमती आभूषण, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ . कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में बीते 5 मार्च को घर में काम करने वाली नौकरानी ने मौका पाकर लाखो रुपए के कीमती जेवर ठिकाने लगा दिए जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय थाने पर शिकायत की है शिकायत पर पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है कृष्णा नगर क्षेत्र के स्नेह नगर में शैलेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र स्व उधवराम शुक्ला अपनी पत्नी भतीजे के साथ रहते हैं पीड़ित के मुताबिक बीते 15 फरवरी को उनकी पुत्री का विवाह था जिसपर वह शादी चार दिन पूर्व घर के घरेलु काम में हाथ बटाने के पड़ोस में ही किराये पर रहने वाली रजनी नाम की महिला को काम पर रखा थो आरोप है कि विवाह के पश्चात उनकी पुत्री अपने ससुराल से उनके घर पर आई थी जिसका विदाई होना थो बीते 5 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ घर से बाहर गए हुए थे और उनकी पुत्री शॉपिंग करने गई थी इस बीच भतीजा घर पर ही था और पढाई कर रही इसी दौरान नौकरानी आई थी और चोरी की घटना को अंजाम दे निकल गईं चोरी की जानकारी उन्हें दो दिन बाद हुईं घर में मेहमान होने के कारण वह बीते 12 मार्च को स्थानीय थाना कृष्णा नगर पर पहुँच पुलिस से अपनी नौकरानी के नाम पर चोरी का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत कियें शिकायत के बाद पुलिस मामले की जाँच में जुटी गई और तीन सप्ताह के जाँच के बाद मंगलवार को नौकरानी के खिलाफ चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है

चलती कार में ऊपर से लोहे का एंगल गिरने से शीशा टूटा , कार चालक का जला हाथ

पीएनसी की लापरवाही से हो रही आए दिन दुर्घटना, अधिकारी मौन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी की लापरवाही के मामले रुक नहीं रहे हैं। मंगलवार को उसकी एक और लापरवाही सामने आई। नतीजा यह कि एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य के दौरान बंथरा कस्बे में काफी ऊंचाई से लोहे का एंगल कार के ऊपर गिरने से उसका अगला शीशा टूट गया। साथ ही गरम एंगल के गिरने से कार चालक का हाथ भी जल गया। पीड़ित कार चालक ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर के कल्याणपुर निवासी धीरज कुमार के मुताबिक मंगलवार शाम वह अपनी कार से लखनऊ एयरपोर्ट के लिए सवारी की बुकिंग लेकर कानपुर से लखनऊ आ रहा था। आरोप है कि तभी बंथरा कस्बे में पिलर न. - 133 और 134 के बीच पीएनसी कंपनी द्वारा किए जा रहे एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान ऊपर से अचानक एक लोहे का एंगल उसकी गाड़ी पर आ गिरा। जिससे कार का अगला शीशा टूट गया और कार क्षतिग्रस्त हो गई। धीरज का कहना है कि एंगल इतना गर्म था कि उससे उसका हाथ भी जल गया। फिलहाल धीरज की तहरीर पर बंथरा पुलिस पीएनसी के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को ही दोपहर करीब 12 बजे लखनऊ से कानपुर की ओर कार से जा रहे उरई निवासी सुनील कुमार की कार पर भी बंथरा इलाके में कानपुर रोड स्थित डिवाइडर के किनारे लोहे की चादर युक्त लगाई गई बैरिकेटिंग कार पर गिर गई थी। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके अलावा पहले भी यहां ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं।

गैस सिलेंडर में लगी आग, झुलसी महिला

सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व दमकल कर्मियों ने पाया काबू, झुलसी महिला को भेजवाया अस्पताल,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित हरचंदपुर गढी कनौरा में बुधवार शाम घर में खाना बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई और आग की चपेट में आने से महिला झुलस गई। वही गैस सिलेंडर में आग की सूचना से क्षेत्र में हडकंप मच गया। कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने व दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के साथ आग से झुलसी महिला को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजवाया। अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित हरचंदपुर गढ़ी कनौरा में 52 वर्षिय नीलोफर पत्नी स्वर्गीय मुईद अली अपने दो बेटी व एक बेटे के साथ घरो में चौका बर्तन साफ सफाई का काम करती है। बुधवार शाम वह अपने घर में गैस चूल्हे में खाना बना रही थी। उस दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई और वह आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई।जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल भेजवाया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

पुलिस को चकमा देकर लखनऊ एयरपोर्ट से फरार हुए 30 तस्कर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शारजाह से आए 36 यात्रियों के पास से राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) की सूचना पर कस्टम ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर 3.13 करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट और 23.90 लाख रुपये नकद बरामद किया। सूचना थी कि इन यात्रियों के पास करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का सोने का पेस्ट भी है।

करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का सोने का पेस्ट होने की सूचना की जांच के दौरान एक यात्री की तबीयत बिगड़ गई। तभी चकमा देकर 30 यात्री फरार हो गए। कस्टम ने सरोजनी नगर थाने में मामला दर्ज कराया है। कस्टम के पास 29 यात्रियों के पासपोर्ट भी हैं, जिनकी मदद से इनको पकड़ने के लिए छापेमारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि फरार लोग रामपुर के रहने वाले हैं।

36 तस्करों के आने की थी सूचना

सूचना मिली थी कि सोमवार सुबह सात बजे शारजाह से आने वाले विमान से 36 तस्कर आ रहे हैं। उनके पास करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये का सोना और बड़ी मात्रा में विदेशी सिगरेट है। कस्टम की टीम ने एक महिला सहित छह लोगों से पूछताछ की। इस आधार पर 36 संदिग्ध यात्रियों के सामान की जांच की गई। इनके पास से विदेशी सिगरेट और नकद बरामद किए गए।

तबीयत का बहाना बनाया और...

कस्टम को शक था कि 30 यात्रियों के शरीर के आंतरिक हिस्से में सोने का पेस्ट छिपा है। इस बीच एक्सरे स्क्रीनिंग का इंतजार कर रहे एक यात्री ने तबीयत बिगड़ने का बहाना किया और इसकी आड़ में संदिग्ध तस्करों ने हंगामा कर दिया। मौका पाकर सभी एयरपोर्ट से भाग निकले।

बैंकाक से आई 1.33 करोड़ की विदेशी सिगरेट

बैंकाक से लखनऊ पहुंचे विमान के यात्रियों से कस्टम ने विदेशी सिगरेट बरामद की है। मंगलवार रात बैंकाक से विमान एफडी 146 रात नौ बजे लखनऊ पहुंचा था। कस्टम की टीम ने 25 यात्रियों की जांच की। इसमें 7.85 लाख विदेशी सिगरेट बरामद की गईं। इनकी कीमत करीब 1.33 करोड़ रुपये है।

सड़क दुर्घटना में मासूम बच्चे की मौत के साथ एक बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में बुधवार दोपहर जहां एसयूवी कार के रौंदने से 4 वर्षीय मासूम बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बंथरा इलाके में दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार युवक घायल हो गया। उसे पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में यहां के के न्यू गुड़ौरा निवासी साजिद का 4 वर्षीय बेटा अरमान बुधवार दोपहर सड़क किनारे खेल रहा था। तभी उधर से गुजर रही एक्सयूवी कार ने उसे रौंद दिया। जिससे अरमान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उधर घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें एक्सयूवी कार बच्चे को रौंदते हुए हुए साफ नजर आयी। इस मामले में बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद सिंह राणा ने बताया कि घटना अंजाम देने वाले कार चालक की पहचान हो गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर बंथरा इलाके में यहीं के शराय शहजादी निवासी विशाल (25) बाइक से बुधवार दोपहर घर से जुनाबगंज जा रहा था। तभी लोहा भट्ठे के पास बाइक से सामने आ रहे यहीं के रामदीन खेड़ा निवासी राजकुमार (45) की बाइक में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में राजकुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने विशाल को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने राजकुमार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बी एस एफ से सेवानिवृत्त सिपाही पर पड़ोसी ने किया कुल्हाड़ी से हमला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में मंगलवार रात्रि घर के सामने टहल रहे एक बी एस एफ से सेवानिवृत्त सिपाही पर दबंग पडोसी ने कहासुनी के बाद अचानक कुल्हाड़ी से हमला कर घमकी दे फरार हो गया। जिसे पडोसियो ने घायलावस्था में इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया। वही पीड़ित ने आरोपी दबंग पडोसी के खिलाफ स्थानीय थाने में नामजद शिकायत की है।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एल निवासी कमलेश राजपूत पुत्र रामविलास राजपूत के अनुसार वह बीएसपी से सिपाही पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। आरोप है कि वही मंगलवार रात्रि घर के सामने खाना खाने के बाद टहलने निकला था। उस दौरान पडोसी जगदीश ने कहासुनी के बाद गाली गलौज करते हुए अचानक बाएं कंधे पर कुल्हाड़ी से हमला कर धमकी दे फरार हो गया।जिसे पडोसियो ने घायलावस्था में इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर गाली गलौज मारपीट धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपों को गिरफ्तार कर कारवाई की जा रही है।

विदेशी सिगरेट और पेट में सोना छुपा कर लाए 30 तस्कर कस्टम अधिकारियों की हिरासत से भागे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर 2 दिन पहले शारजाह से करीब 3,12,60,000 रुपए कीमत की विदेशी सिगरेट और पेट में सोना छुपा कर लाए 30 तस्कर कस्टम अधिकारियों की हिरासत से भाग निकले। इस मामले में लखनऊ एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम विभाग के सहायक आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सहायक आयुक्त अरुण कुमार सिंह के मुताबिक बीती 1 अप्रैल को शारजाह से आने वाले इंडिगो विमान (6ई 1424) से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे विदेशी सिगरेट के 36 तस्करों को पकड़ा गया। उस दौरान उनके पास से 3,12,60,000 रुपए कीमत की विदेशी सिगरेट भी बरामद हुई। अगले दिन पूछताछ में पता चला कि इसमें से 30 तस्कर अपने पेट के अंदर सोना भी छुपा कर लाए हैं, जो रोजा होने के कारण अफ्तारी के बाद ही मलद्वार से निकाला जा सकता है। इन यात्रियों को सीमा शुल्क कर्मचारियों की निगरानी में रखने के साथ ही शाम करीब 7:15 बजेहाल में उनके बयान आदि की कार्रवाई की जा रही थी। तभी दम्माम से आई इंडिगो की उड़ान (6ई 98) के यात्री भी हाल में आ गए। उस दौरान उनमें से एक तस्कर बेहोश होकर बीमार हो गया और उसके सारे साथी उसकी तीमारदारी में लग गए। इसके बाद सभी जोर-जोर से चिल्लाते हुए डॉक्टर को जल्द बुलाने को कहने लगे। तब सीआईएसएफ और अडानी स्टाफ को सूचित कर सीमा शुल्क के अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने उसे चेक करते हुए बताया कि पल्स और शुगर ठीक है। लेकिन इसके बावजूद तस्कर उसे बचाने की बात करते हुए चिल्लाने लगे। साथ ही तस्करों ने यह भी धमकी दी कि अगर इसे कुछ हुआ तो कस्टम अधिकारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। आरोप है कि इसी बीच वह सभी अराइवल हाल के निकास गेट पर मौजूद सीआईएफ कर्मचारी के बावजूद वहां से भाग निकले। बाद में बाहर पड़े बीमार तस्कर की सूचना देकर एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजा गया और पुलिस कंट्रोल रूम, एयरपोर्ट चौकी प्रभारी और सीआईएसएफ उप कमांडेंट को भी इसकी सूचना दी गई। फिलहाल 36 में से 6 तस्करों को कस्टम अधिकारियों ने हिरासत में ले रखा है। जबकि 30 तस्कर अपने पेट में छुपाए सोना लेकर फरार हो गए। इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

चाभी बनाने के बहाने अलमारी के लाकर से कीमती गहने किया चोरी

सीसीटीवी कैमरे में मिले फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित नटखेडा रोड पर फेरी लगा चाभी बनाने युवक ने चाभी बनाने के बहाने एक घर में जा चाभी बनाने के दौरान घर की अलमारी में रखा कीमती गहना चोरी कर फरार हो गया। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। स्थानीय थाने की पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में मिले फुटेज के आधार पर आरोपी युवक की तलाश में जुटी है।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित नटखेडा रोड निवासी जय प्रकाश केसरवानी पुत्र दीप चन्द केसरवानी ने बताया कि बीते 1 अप्रैल को उनकी पत्नी वर्षा केसरवानी ने फेरी लगा चाभी बनाने युवक ने अलमारी व बेड के लाकर की चाभी बनवाई थी उस दिन घर पर उनकी पत्नी व उनकी बहू घर पर थी। आरोप है अगले दिन उन्होंने अपने काम के लिए अलमारी खोला तो अलमारी के लाकर से कीमती गहने चोरी जा चुके थे। वही पीड़ित का कहना था कि फेरी लगा चाभी बनाने युवक के अलावा उस दिन से अगले दिन चोरी की जानकारी होने तक कोई अनजान व्यक्ति घर पर नहीं आया और न ही उनके कमरे में गया। जिसके चलते उन्होंने फेरी लगा चाभी बनाने युवक पर चोरी का संदेह जता शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घटना स्थ के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी के मिले फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

दरिंदे ने मासूम को अकेला पाकर बनाया अपनी हवस का शिकार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में दो दिन पहले चाय की दुकान पर नौकरी करने वाले युवक ने कक्षा एक की मासूम छात्रा को अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकत करने के साथ ही उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला। दरिंदे ने इस दौरान बच्ची का अश्लील वीडियो भी बना लिया। बच्ची के परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को वारदात की सूचना दी और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेजने के साथ बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। बिजनौर इलाके में चाय की दुकान चलने वाले व्यक्ति की 9 वर्षीया बेटी कक्षा एक की छात्रा है। चाय विक्रेता के मुताबिक बीती 1 अप्रैल की शाम वह परिवार सहित कहीं गए थे। जबकि उसकी मासूम बेटी अकेले घर में थी। तभी उसे अकेला पाकर करीब 20 वर्षों से पीड़िता के घर में रहकर उसकी चाय की दुकान पर नौकरी करने वाला निगोहाँ के दयालपुर निवासी राजू कुशवाहा (33) बच्ची को बहला फुसला कर घर के एक कमरे में ले गया। जहां उसने बच्ची को निर्वस्त्र कर उसके निजी अंग में उंगली करते हुए वीडियो बनाया और बाद में उसके साथ दुष्कर्म की घटना अंजाम दे डाली। वारदात के बाद दरिंदे ने बच्ची को डांट फटकार कर किसी से ना बताने की बात कहते हुए चुप करा दिया। अगले दिन बच्ची के परिजनों को आरोपी द्वारा बनाए गए अश्लील वीडियो की जानकारी हुई तो उन्होंने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी। लेकिन आरोपी ने ऐसी किसी बात से साफ मना कर दिया। बाद में बच्ची से पूरी जानकारी मिलते ही परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं जानकारी मिलने के बाद बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही आरोपी से पूछताछ की तो उसने सारी वारदात कबूल दी। पुलिस ने उसके मोबाइल में बनाए गए अश्लील वीडियो को भी बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ ही मासूम बच्ची को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेज दिया है। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा का कहना है कि आरोपी राजू के खिलाफ दुष्कर्म पाक्सो और एससी /एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

रंजिश में दबंगो ने देवर-भाभी को पीटा,एक आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।निगोहां गांव निवासी अनीता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की शाम चार बजे के करीब पुरानी रंजिश में विपक्षी रामखेलावन रावत, गीता, रामदुलारी,सचिन ने लाठी डंडो से लैस होकर घर आ धमके ओर गाली-गालौज करते हुये विरोध करने पर देवर शिव कुमार की बुरी पिटाई कर लहूलुहान कर मरणासन्न कर दिया,चीख पुकार सुनकर जब वो देवर को बचाने दौड़ी तो आरोपियों ने उसकी भी बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकलें।जिसके बाद परिजन गम्भीर रूप से घायल शिवकुमार व उसकी भाभी अनीता को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये,जहां डाक्टरो ने देवर की हालत गम्भीर देख डाक्टर ने ट्रामा रेफर कर दिया।जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिये एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा लेकर गयें।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपियो पर गैर इरादन हत्या के प्रयास,जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी रामखेलावन को गिरफ्तार कर अन्य की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

द्वितीय वार्षिक सामान्य बैठक में प्रदेश में थावर ग्राम प्रधान का हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार को लखनऊ में द्वितीय वार्षिक सामान्य कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बैठक में उत्पादन आयुक्त एवं अपर प्रमुख सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

पूरे प्रदेश से एकमात्र महिला ग्राम प्रधान थावर माधुरी सिंह का चयन हुआ। वहीं महिला जनप्रतिनिधि को उनके अधिकारों, नेतृत्व को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। पंचायती राज विभाग भी महिला प्रधान के उत्थान पर विशेष कार्य कर रही है। पूरे प्रदेश से जिला पंचायत अध्यक्ष लखनऊ, गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख समेत काकोरी ब्लाक की एकमात्र महिला ग्राम प्रधान थावर माधुरी सिंह का चयन हुआ है। प्रदेश के समस्त ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला. जिसको लेकर पंचायत समेत पूरे क्षेत्र में लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार कर रहे हैं।

पड़ोसी से गाली-गालौज व मारपीट की कोशिश पर पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। मऊ गांव निवासी मोहित ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बीते सोमवार की दोपहर ढाई बजे के करीब सोनू गौतम को दरवाजे लगे सरकारी नल को तेज तेज चलाने से मना किया तो वो आगबबूला हो गया ओर गाली-गालौज करते हुये सार्वजनिक रूप से अश्लील हरकते करने लगा मौके पर पहुंचे उसके पिता राजू भी बेटे सोनू को मना करने की बजाय मारपीट पर आमदा हो गये ओर गाली-गालौज करते हुये जान से मारने की धमकी दी।पिता-पुत्र की दबंगई व गाली-गालौज का सोशल मीडिया पर बीते मगंलवार को वीडियों वायरल होने के बाद अफसरो ने फटकार लगायी तब जाकर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी बेटे सोनू को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया।

संक्षेप

जबरन युवक को पिलाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

उन्नाव। बीघापुर थाना क्षेत्र स्थित गदलेश्वर मंदिर के पास रहने वाले बाबू लाल चौधरी का पैंतीस वर्षीय बेटा राज रेडीमेड कपड़े की दुकान चलता है। सोमवार माल लेने के लिए बाइक से कानपुर जा रहे थे। रास्ते में आजाद मार्ग स्थित आटा बंथर के आगे अज्ञात कार सवार लोगों ने आगे आकर बाइक रोक ली और फोन बंद कर जबर्दस्ती उसे लेकर चले गए। उसे नशीलाल पदार्थ पिला दिया और अचेत होने पर देर रात बेथर गांव के पास सड़क किनारे उतार कर चले गए। रात होश आने पर फोन से राज ने माँ गेंदावत को बताया कि बदमाश पकड़ कर ले गए और जहर पिला दिया है। जानकारी होते ही पिता कोरारी गांव के पास पहुंचे और खोजबीन की तो नहीं मिला। उसके बाद बेथर कोल्ड स्टोर के पास पड़ा मिला और बाइक वहीं खड़ी मिली। तब उसे परिजन सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने निगला जहर

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवासी गांव में बुधवार दोपहर किसी बात से आहत जहरीला पदार्थ निगल लिया तबीयत बिगडने पर दोस्त ने उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया।सदर कोतवाली क्षेत्र के मसवासी गांव के रहने वाले प्रेमचंद की 20 वर्षीय बेटी गीता ने बुधवार दोपहर किसी बात से आहत होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत बिगडने पर परिजनों को जानकारी हुई तो दोस्त करन ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया है।

होली मिलन समारोह में पहुंचे भाजपा सांसद

उन्नाव। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सचिदानंद हरि साक्षी जी महाराज ने सदर विधानसभा के गंगाघाट स्थित माँ वैष्णो गेस्ट हाउस में आयोजित होली मिलन समारोह एवं जनप्रतिनिधि बैठक कार्यक्रम में राम मंदिर आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कारसेवकों को सम्मानित किया एवं मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं के विषय में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों में अभूतपूर्व विजय हेतु निवेदन किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार , विधायक सदर पंकज गुप्ता , लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा , जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा , जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल , मण्डल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी , नगर पालिका अध्यक्षा कौमुदी पांडेय , नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडेय समेत वरिष्ठ पदाधिकारी , कार्यकर्ता , सभासदगण, प्रधान , बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

मायके पछ ने दर्ज कराया दहेज हत्या का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। मेहंदी खेड़ा गांव में गर्भवती का शव मंगलवार को कमरे में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला था।मृतका के भाई की तहरीर पर पति , मां , पिता सहित बहन बहनोई पर हत्या कर शव लटकाने,सहित दहेज उत्पीड़न की धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। शव माइके घर पहुंचते ही कोहराम मच गया ।मृतका के घर वालो ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।घटना स्थल पर सीओ ने दोबारा पहुंच कर जांच की।कोतवाली क्षेत्र रामपुर अखौली गांव निवासी मेवा लाल की बेटी सरोजनी ने 18 जून 2023 को मेहंदी खेड़ा गांव निवासी रोहित वर्मा से प्रेम विवाह किया था।शादी के कुछ महीने बाद ही पति पत्नी में अनबन शुरू हो गई थी ।मंगलवार दोपहर को कमरे में पंखे से दुपट्टे से शव लटका मिला था ।मृतका के भाई राम किशोर ने पति रोहित वर्मा , पिता राज कुमार, माता सरोजनी, बहन सहित बहनोई पर हत्या कर शव लटका देने सहित दहेज उत्पीड़न की प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की ।जिसपर पुलिस ने पांच लोगो पर दहेज उत्पीड़न,हत्या कर शव लटकाने की धराओ में रिपोर्ट दर्ज की गई। मृतका का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया देर शाम तक माइके वालो ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मृतका के भाई राम किशोर ने आरोप लगाया कि बहन के शरीर में मारपीट सहित कई अन्य घाव है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने की मांग पर अड़ गए ।मौके पर कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने परिजनो में समझा बुझाकर शव का अंतिम संस्कार करने को कहा ।कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति सहित ससुरालजनों पर हत्या कर शव लटकाने , दहेज उत्पीड़न, की धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

संगीतमय सुंदर काण्ड का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के चमियानी स्थित सच्चिदानंद आश्रम मंदिर मे स्थानीय लोगो एवं विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान मे अनवरत प्रत्येक मंगलवार हो रहे सुन्दरकाण्ड पाठ का 100 वाँ आयोजन किया गया। भव्य सुमधुर संगीतमय पाठ को सुन सभी भक्तगण भाव विभोर हो उठे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित विहिप जिला मंत्री आशीष सिंह ने बताया सुन्दरकाण्ड पाठ से मनुष्य के आत्मिक एवं भौतिक ज्ञान का विकास होता है। समाज संगठित, सुव्यवस्थित एवं संस्कारित होता है। पाठ के समापन पर महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम मे सहभागिता कर रहे लोगो को अंगवस्त्र एवं हनुमान जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भक्तजनो के रूप से रजनीश कन्हैया सोनी, रामगुलाम, जयगोपाल, शिवदत्त, दीपक, मनोज, रिंकू, प्रतीक, राहुल, अंश, दिनेश, महेश, विजय, हर्षित, यश, आँचल आदि उपस्थित रहे।

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव।किशोरी के साथ गैंगरेप व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर ग्रामीण के एक मजरे की रहने वाली महिला ने बीती 7 मार्च को तीन युवकों पर आरोप लगाया था की उसकी पुत्री के साथ युवकों ने गैंग रेप छेड़छाड़ और मारपीट की है जिसमे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जिसमे किशोरी ने अपने बयान में बताया कि छह वर्ष पूर्व किशोरावस्था में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया बयानों के आधार पर पुलिस ने पास्को और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी कस्बा के मोहल्ला सरांय सूबेदार निवासी आशीष उर्फ डब्बू को उप निरीक्षक कल्लूराम ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया ।प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेहटामुजावर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि 26मार्च को थाना बेहटा मुजावर में धारा 354/506 भादवि व 3(1)द,ध एस0सी /एस0टी0 एक्ट व 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान मुकदमा उपरोक्त मे धारा 376डी भादवि व 3(2)5 एस0सी/ एस0टी0 एक्ट व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी तथा 3(1)द,ध एस0सी/एस0टी0 एक्ट व 7/8 पाक्सो एक्ट का विलोपन किया गया। 31मार्च को मुकदमा उपरोक्त में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। एक आरोपी बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण मे लिया गया था ।3मार्च को उ0नि0 रामपदारथ पाण्डेय मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में शेष वांछित अभियुक्त रितेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

जनपद के धर्मगुरु एवं मीडिया कर्मियों ने लिया मतदान प्रतिशत बढ़ाने का उत्तरदायित्व

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बुधवार को निर्धारित स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हमीरपुर के सभी समुदायों के धर्मगुरू, समाज सेवी तथा मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने मतदाता शपथ दिलाई तथा कहा कि सभी धर्मगुरु समाज को मतदान का महत्व बताते हुए अपने प्रवचन एवं तकरीर में मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील करें जिससे हमारे जनपद में आगामी लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत रहे ।इस अवसर पर मुस्लिम कारी सनाउल्लाह और हाफिज मीनू शहर काजी ने कहा कि सभी इमाम अपनी-अपनी मस्जिदों में जुमे में और ईदगाह में मतदाताओं को वोट जरुर डालनें को कहेंगे। राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी राम मनोहर दास तथा महामंडलेश्वर स्वामी सुबोधानंद ने कहा कि हिन्दू समाज के पुजारी प्रत्येक सोमवार मंगलवार को भजन, कीर्तन तथा मांगलिक कार्यों में अपील कर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर नागेन्द्र नाथ यादव एडीएम जे, विजय शंकर तिवारी एडीएम एफ आर,चन्द्र शेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, वली अहमद साबरी, पं जितेंद्र कुमार शुक्ला, जलीस खान अनवर खान एवं समस्त मीडिया कर्मियों सहित सभी धर्मगुरु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने किया।

कस्बे में मच्छरों का प्रकोप, फागिंग मशीन फांक रही धूल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, हमीरपुर। नगर पंचायत सुमेरपुर मे मच्छरो को भागने वाली फागिंग मशीन कबाड़ हो चुकी है कस्बे मे इस समय मच्छरो का प्रकोप इतना है कि कस्बा वासियों का जीना दुश्वार हो गया है। नगर पंचायत द्वारा जो फागिंग करायी जा रही है उसकी फागिंग मशीन बीच बीच मे काम करना बंद कर देती है रात मे नगर के पीडब्ल्यूडी स्टोर,पशु बाजार व वार्ड न 3 अम्बेडकर नगर मे तुफैल अहमद के मकान के पास वाली गली मे नगर पंचायत की टीम फागिंग मशीन लेकर आये और फागिंग करना शुरू किया तो फागिंग मशीन बीच मे ही दम तोड़ देती और फागिंग का कार्य बंद हो गया और मुहल्ले वासियो मे रोष व्याप्त हो गया नगर मे व्यक्त गंदगी और नालीझनाला जाम होने और सफाई न होने से पूरे कस्बा मे गंदगी व्यक्त है और इसी कारण मच्छरो का प्रकोप शाम होते ही फैल जाता है मगर नगर पंचायत ने कीट नाशक दवाओ और मशीनरी खरीदने के नाम पर लाखो रुपये डकार लिए मगर नगर मे आज भी वही पुरानी मशीनो से फागिंग का कार्य करते नजर आते है जो बीच बीच मे दम तोड़ देती है इस प्रकार से नगर मे व्यक्त मच्छरो का प्रकोप सम्पूर्ण नगर मे फैला पड़ा है कस्बा के वार्ड न 3 के पूर्व सभासद ने आरोप लगाया है कि पूर्व मे ही खरीदी मशीनो से दवा का छिड़काव किया जा रहा जब कि उनकी क्षमता खत्म हो चुकी है और बीच मे एक नई मशीन की खरीद की गयी थी उस मशीन का कुछ अताझपता नही है वही कस्बा के वार्ड न 3 निवासी अकबर अहमद ने बताया की वार्ड मे गंदगी व्याप्त है और नाली जाम होने के कारण पानी भरा रहता है और मच्छरो के प्रकोप से बीमारी फैल रही है। नगर पंचायत इस ओर ध्यान नही दे रही है इस प्रकार से नगर मे बीमारियों की बढ़ोत्तरी हो रही है।,जिसके कारण कस्बे में बिमारी पैर पसार रही है।

लखनऊ कानपुर रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र स्थित राजेपुर रेलवे क्रासिंग पार करते समय मंगलवार रात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव की पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अतरसई गांव के रहने वाले चौधरी सिंह उर्फ गणेश का अट्ठाइस वर्षीय बेटा गुलाब सिंह किसी काम से शहर आया हुआ था। इसी दरम्यान दही थाना क्षेत्र के राजेपुर रेलवे क्रासिंग पार करते समय देर रात लखनऊ से कानपुर जाने वाले डाउन ट्रैक से गुजरी रही ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखा तो दही थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेब में मिले कागजात से शव की पहचान कर चचेरे भाई रंजीत को घटना की सूचना दी। उसके बाद पुलिस जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की है।

नोडल अधिकारी स्वीप ने कम मतदान प्रतिशत वाले ग्रामों की बनाई योजना

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी हमीरपुर चन्द्रशेखर शुक्ला नोडल अधिकारी स्वीप जनपद हमीरपुर द्वारा पिछले लोकसभा निर्वाचन 2019 में अपेक्षाकृत कम मतदान प्रतिशत वाले ग्रामों में स्वीप कार्यक्रम बनाकर विकास खण्ड अधिकारियों, बीएमएम, बीईओ एवं सहायता समूह से जुड़े समस्त अधिकारियों व प्रभारियों के साथ स्वीप कार्यक्रम बना कर उत्तरदायित्व प्रदान किया। नोडल अधिकारी स्वीप ने प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक समिति बना कर विद्यालयों व पंचायत स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने व मतदान दिवस को उन्हें मतदान केंद्र तक लाने के लिए रणनीति बनाई। विकास खण्ड स्तर से विकास खण्ड अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं बीएम योजना बना कर ग्राम स्तर पर गठित समितियों के साथ सम्पर्क मे रहते हुए मतदाताओ को जागरूक करेंगे। विशेष फोकस उन गांवो में किया जा रहा है जिनमें मतदान प्रतिशत कम रहता है। इसके लिए स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली जिला स्काउट मास्टर हमीरपुर द्वारा सामंजस्य स्थापित करते हुए योजना को मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, समस्त विकास खण्ड अधिकारी एवं बीएमएम,डीसीएम आर एल एम उपस्थित रहे।

दो माह पहले बनी सीसी रोड ध्वस्त, कचरा डालकर ऐब छिपाने की कोशिश

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर हमीरपुर। करीब दो माह पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की रोक के बाद रातों-रात आनन फानन में बनाई गई सीसी अचानक धसकर टूटने पर नगर पंचायत नाकामी छिपाने की गरज से अब उसको कचरा डालकर ढकने की जद्दोजहद में जुटा है।

करीब दो माह पूर्व श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बगल में संस्कृत विद्यालय मार्ग तक 39 लख रुपए की लागत से सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण कराया गया था। सीसी मार्ग निर्माण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने हाईवे की जमीन पर निर्माण करने पर आपत्ति जताई थी। कार्य में किसी तरह का खलल न पैदा हो जाए इसको मद्देनजर रखकर कार्यदायी संस्था ने रातों-रात हाईवे की जमीन पर सीसी का निर्माण करा दिया था। इसी जगह पर यह सीसी बुरी तरह से टूट गई है। इससे घटिया कार्य की पोल स्वत खुल गई है। पोल खुलने के बाद नगर पंचायत टूटी हुई सीसी रोड को ढकने के लिए कचरा डाल रहा है ताकि लोगों की नजर घटिया निर्माण की ओर न जाए नगर पंचायत के अवर अभियंता रमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि सीसी मार्ग टूटने की जानकारी मिली है। ठेकेदार को मरम्मत करवाने के लिए कहा गया है। कचरा डालकर क्षतिग्रस्त हिस्से को ढकने की जानकारी उन्हें नहीं है।

एसडीएम व सीओ ने किया क्रिटिकल बूथों का भ्रमण

शांतिपूर्ण वातावरण में होगा लोकसभा चुनाव: एसडीएम

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन बिल्कुल चाक चौबंद नजर आ रही है। इसी क्रम में आज गंदरा व हिसामपुर गांव का एसडीम पंकज दीक्षित कैसरगंज व पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़ ने हिसामपुर गंदारा के क्रिटिकल बूथ का निरीक्षण किया और वहां पर मौजूद गांव के लोगों को संबोधित किया कि आप सभी लोग सत प्रतिशत, अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और एक अच्छे वातावरण की तामीर करें। लेकिन अगर किसी ने भी माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उस व्यक्ति के खिलाफ बहुत ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोकसभा चुनाव को बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से करने के लिए शासन व प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है।

वर्षों से पीएचसी के भरोसे कस्बा, सीएचसी की मांग

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर हमीरपुर।बुन्देलखण्ड के जनपद हमीरपुर का 35768 मतदाता व 70 हजार की जनसंख्या वाला इकलौता औद्योगिक नगर सुमेरपुर आजादी के 75 वर्ष बाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए तरस रहा है जबकि जनपद में जिला अस्पताल के अलावा नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा, राठ, सरीला, गोहांड, इमिलिया,छानी ,मुस्करा, कुरारा, नौरंगा में संचालित हैं, हमीरपुर जिला केंद्र व तहसील है वहां 40 हजार मतदाता हैं,मौदहा तहसील केंद्र है यहां 41हजार मतदाता हैं और तहसील राठ में 51हजार मतदाता हैं, जिससे इन नगरों में नगर पालिका व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं।जबकि शेष सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औद्योगिक नगर सुमेरपुर से मतदाता,जनसंख्या व क्षेत्रफल में कस्बा सुमेरपुर से बहुत पीछे हैं फिर भी कस्बा सुमेरपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नही बन सका है, समाजसेवी संजय त्रिपाठी का कहना है कि राजनैतिक,प्रशासनिक उपेक्षा के कारण 35768 मतदाता वाला यह नगर स्वास्थ्य सुविधाओं में बहुत ही पिछड चुका है ।इस नगर के साथ 75 वर्षों से सौतेलेपन का व्यवहार किया जा रहा है,जिसका जवाब इस लोकसभा चुनाव में नगर के लोग वोट की चोट से दे सकते हैं। नगर सुमेरपुर के साथ हुए उपेक्षा व अपमान की भरपाई के लिए अति शीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या एक जिला एक मेडिकल कॉलेज योजना के अंतर्गत संत रोटीराम मेडिकल कॉलेज बनाया जाय ताकि बड़ी आबादी वाले कस्बा सुमेरपुर सहित ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सके और इलाज के नाम पर हमीरपुर कानपुर भागने वाले मरीजों को लाभ मिल सके। अमीन खान का कहना था कि कस्बा सुमेरपुर बड़ी आबादी वाला कस्बा है यह औद्योगिक नगर भी है किंतु यहां का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर सेंटर बन कर रह गया है, जनप्रतिनिधि इस समस्या को लगातार नजर अंदाज करते चले आ रहे हैं उन्हें जनता के स्वास्थ्य की चिंता तनिक भी नहीं है।

नगर पंचायत ने गोवंश सुपुर्दगी के नाम पर काटी रशीद

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर हमीरपुर। कान्हा गौशाला से पशुपालकों को सुपुर्द किए गए गोवंश में नगर पंचायत ने जमकर मनमानी की हैं। गोवंश लेने वाले पशुपालकों की जबरिया पांच सौ रुपये की रसीद काट दी। जबकि यह नियम विरुद्ध है और शासन की मंशा के विपरीत है। कस्बे की कान्हा गौशाला से प्रतिदिन गोवंश कम होता जा रहा है। पशुपालन विभाग ने जब इसका खुलासा किया तो नगर पंचायत अध्यक्ष बचाव में उतर आए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर सचान ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पशुपालकों को बेसहारा गोवंश के पालन के लिए कान्हा गौशाला से फरवरी व मार्च माह में 14 दुधारू गोवंश पशुपालकों को सौंपे गए। लेकिन नगर पंचायत ने मनमानी दिखाते हुए इन पशुपालकों से पांच-पांच सौ रुपये वसूल किए हैं। यह शासन की मंशा के अनुरूप नहीं है। शासन की ओर से बेसहारा गोवंश को गोद लेने पर वाले पशुपालक को भरण पोषण के लिए हर महीने धनराशि दी जाती है। पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुसार कान्हा गौशाला से कस्बा निवासी देवकीनंदन पांडेय, रामखेलावन मिश्रा, संजय, अच्छे बाबू, सुखपाल सिंह,रज्जन, सुरेश पाल, फूलचंद, करन सिंह, रामराज, श्रीप्रकाश,पंधरी निवासी गेंदालाल, गोरे यादव तथा इंगोहटा निवासी राम बहादुर यादव को बेसहारा गोवंश से सुपुर्द किया गया। इन्ही पशुपालकों से वसूली की गई है। नगर पंचायत ईओ कुलकमल सिंह यादव ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी के आरोप निराधार है। रुपए पालतू पशु छोड़ने वालों से जुमार्ना के तहत लिए गए है। गोवंश सुपुर्दगी में लेने वालों से कोई धनराशि नहीं ली जाती है।

ओनाय वैश्य समाज का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

बहराइच। मंगलवार को शहर के कपड़ा कमेटी अतिथि भवन में ओनाय वैश्य समाज के लोगों के द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम के प्रारम्भ में आमंत्रित मुख्य अतिथि रमा शंकर गुप्ता जिला समाज कल्याण अधिकारी को संरक्षक कैलाश गुप्ता द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत के क्रम में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनवारी लाल गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान जनपद के समाज के पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। इस बार ओनाय वैश्य समाज का होली मिलन कार्यक्रम नवगठित ओनाय महिला महिला संघ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महिला संघ की जिलाध्यक्ष हेमा निगम भाजपा की जिला मंत्री ने ओनाय वैश्य समाज की महिला संघ के गठन को लेकर काफी खुशी व्यक्त किया। समारोह में समाज के लोगों ने एक दूसरे के गले मिल कर होली की हार्दिक बधाई दी होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज की महिलाओं ने सामूहिक राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली खेली, समूह नृत्य किया एवम्हाऊजी प्रतियोगिता का आयोजन किया ।कार्यक्रम में प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई जिससे उपस्थिति समाज के लोग काफी रोमांचित हुए। बच्चों के द्वारा भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया व समाज के मेधावियों को भी मेडल पहना कर सम्मानित किया गया तथा लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया। अन्त में आए हुऐ सभी लोगों को माता गुल्लावीर मन्दिर में प्रति वर्ष की भांति हलुआ का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, आशीष गुप्ता एवम्दिलीप गुप्ता ने किया।

सम्पादकीय

राजग व इंडिया की रैली से बढ़ीं सियासी गर्मियां

विवेचना

प्रो. नीलम महाजन सिंह

आज सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक साथ मिशन 2024 के लिए अपने-अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के मेरठ से तो विपक्ष ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान से जनता से संवाद किया। पीएम मोदी ने अपने जनसंबोधन में जहां कांग्रेस के भ्रष्ट अतीत, परिवारवाद व विफलता पर करारा वार किया और मोदी 3:0 का रोडमैप पेश किया, जिसमें भारत को विकास के अगले चरण में ले जाने की रूपरेखा है, वहीं विपक्षी नेताओं के संबोधन के केंद्र में पीएम मोदी व भाजपा पर प्रहार और संविधान व लोकतंत्र पर खतरा आदि ही रटे-रटाए आरोप रहे। रामलीला मैदान में जिस तरह अरविंद केजरीवाल व हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में इंडी गठबंधन के 27 दलों के नेता एक मंच पर आए, और विपक्षी एकजुटता का परिचय दिया, उससे लगा कि 'इंडिया' मिशन 2024 के लिए कोई रोडमैप पेश करेगा। कम से कम कांग्रेस से तो ऐसी उम्मीद थी। लेकिन यह विपक्ष का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि उसने नेता, नीति, नए एजेंडे आदि पर कुछ भी नहीं कहा। अब जबकि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान महज 19 दिन बाद ही होना है, ऐसे में इंडी गठबंधन 273 का जादुई आंकड़ा कैसे पार करेगा, गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री कौन होगा, गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान कैसे सुलझेगी, चुनाव प्रचार अभियान किस तरह चलेगा, घोषणा-पत्र इंडिया का होगा या कांग्रेस का, विकास की कार्ययोजना क्या होगी, रोजगार सृजन का एजेंडा क्या होगा, महंगाई थामने की नीति क्या होगी, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा पर नीति क्या होगी, विदेश नीति व आर्थिक नीति क्या होगी, जाति गणना से क्या हासिल होगी, भ्रष्टाचार का खात्मा कैसे होगा आदि पर स्पष्ट रूप से बात होनी चाहिए थी। इंडिया के लिए यह रैली एक अच्छा मौका था, जतना के सामने अपना एजेंडा रखने का, पर विपक्ष मोदी व भाजपा विरोध सिंड्रोम से बाहर निकल ही नहीं पा रहा है। घूम फिरकर विपक्ष एक ही राग अलापता रहता है कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। रामलीला मैदान से 'इंडिया' गठबंधन ने पांच सूत्री मांगें रखी हैं। ये हैं- केजरीवाल व हेमंत सोरेन की रिहाई, लोकसभा चुनाव में समान अवसर, जांच एजेंसियों की कार्रवाई रोकने, विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने और चुनावी चंदे व मनी लांड्रिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन। इन मांगों में कहीं से भी राष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं है। क्या कांग्रेस, सपा, राजद, एनसी, एनसीपी (पवार), शिवसेना (उद्धव), डीएमके, झामुमो आदि दल परिवारवाद, वंशवाद से मुंह मोड़ सकते हैं? क्या कांग्रेस के समय कोल, टूजी, आदर्श, राष्ट्रमंडल खेल आदि घोटाले नहीं हुए, क्या एनसीपी-कांग्रेस सरकार के समय महाराष्ट्र में सिंचाई घोटाला नहीं हुआ, क्या चारा घोटाला नहीं हुआ? क्या झारखंड में जमीन घोटाला नहीं हुआ? क्या दिल्ली में शराब नीति घोटाला नहीं हुआ? तो क्या सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन नहीं लेगी? विपक्ष के मंच पर जितने भी नेता जुटे, उन्हें खुद के कृत्यों पर आत्मचिंतन करना चाहिए। इंडी गठबंधन के दल या तो परिवारवादी-वंशवादी है या व्यक्तिवादी। विपक्षी दल, नेता और विपक्षी गठबंधन किसी भी रूप में कोई राजनीतिक उम्मीद नहीं जगाते हैं, लगता है सब केवल और केवल सत्ता पाने के लिए इकट्ठे हुए हैं और इसलिए वे केवल पीएम मोदी व भाजपा पर आरोप लगाते हैं। बेहतर होगा कि विपक्षी गठबंधन जनता का विश्वास जीतने के लिए राष्ट्र निर्माण का एजेंडा प्रस्तुत करें। एक ही दिन राजग व इंडिया की रैली से राजनीतिक सरगर्मियां जरूर तेज हो गई हैं।

> अरविंद केजरीवाल को सन्नी मारवाह के बयान पर ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है, वहां राजस्व नुकसान तथा निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। यह राजनीतिक पसोपेश हैं, जो जनता के मूल मुद्दों से सम्बंधित नहीं हैं।

दिल्ली शराब नीति घोटाले का 'सच'

हर राजनीतिक दल को पार्टी चलाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। यही औद्योगिक भ्रष्टाचार का मुख्य कारण है। 21 मार्च 2024, को अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 व मनीष सिसौदिया को 26 फरवरी 2023 को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। 'दिल्ली शराब घोटाला' दिल्ली सरकार से संबंधित एक राजनीतिक घोटाला है, जिसने 2021 से 2022 तक दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति की शुरूआत के माध्यम से अपना मार्ग प्रशस्त किया। यह नीति निजी फर्मों व उद्यमशील कंपनियों को खुदरा शराब क्षेत्रों में ले आई। आरोपों में निजी क्षेत्रों के मालिकों व शेयरधारकों को लाभ पहुंचाने, लाइसेंस शुल्क में छूट, कटौती के साथ नए उद्यमियों को कई लाइसेंस देना शामिल हैं।

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी द्वारा बनाई गई उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 ने इसे उत्पाद शुल्क व खुदरा शराब क्षेत्र में सुधार के रूप में पेश किया, जिससे राजस्व में 9,500 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इस नीति को कैबिनेट के मंत्रियों के एक समूह द्वारा तैयार किया गया था। जब अंतिम ड्राफ्ट मंजूरी के लिए, दिल्ली के उपराज्यपाल के सामने लाया गया तो उन्होंने इस शर्त के साथ बिल को मंजूरी दे दी कि गैर-पुष्टि क्षेत्रों में नई शराब की दुकानें केवल दिल्ली नगर निगम की अनुमति से ही खोली जा सकेंगी। नवंबर 2021 में, दिल्ली के एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि 'पहली बार सभी सरकारी स्वामित्व वाली शराब की दुकानें बंद होने जा रही हैं व इसे पूरी तरह से निजी व्यावसायिक खिलाड़ियों को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बाद में नई नीति वापस ले ली गई। आखिर क्या है दिल्ली शराब घोटाले की पृष्ठभूमि? दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिनके पास उत्पाद शुल्क विभाग भी था, दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति (2021-22) लेकर विधानसभा में आए। नीति के अनुसार इस में दिल्ली सरकार के बाहर निकलने व खुदरा एमआरपी शराब क्षेत्रों पर उसकी पकड़ कर ली। विधेयक ने निजी क्षेत्रों और उद्यमों को शराब व्यवसाय के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित किया, जिसका उद्देश्य उत्पाद शुल्क विभाग के राजस्व को बड़े प्रतिशत से अधिक बढ़ाना है। इससे नए विक्रेताओं व दुकानों को 'लीवरेज्ड लाइसेंसिंग और अधिकार प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। दिल्ली को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 आउटलेट, वितरण ठेके होंगे। इसका मतलब था कि प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता कार्यरत हैं। केजरीवाल सरकार ने यह भी कहा कि वे 'शराब माफिया को खत्म कर देगी' व नई दुकानों पर जाने वाले उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाएगी। आउटलेट्स की उपस्थिति के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। निजी शराब की दुकानों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एमआरपी पर छूट देने की अनुमति दी गई व सुबह 3 बजे तक शराब की डिलीवरी करने का प्रावधान दिया गया। इस बिल को आगे उपराज्यपाल के हस्ताक्षर व अनुमोदन के लिए

भेजा गया, जिसे उप-राज्यपाल ने अनधिकृत क्षेत्रों पर कुछ शर्तों के साथ हस्ताक्षरित कर पारित कर दिया। सच तो यह है कि इससे आम जन अधिक शराब खरीदने लगा। आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ईडी ने दावा किया है कि के कविता ने शराब घोटाले में लाभ पाने के लिए अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया समेत अन्य शीर्ष नेताओं के साथ मिलकर साजिश रची थी। कविता और कुछ अन्य लोगों पर 'आप' को 100 करोड़ रुपये देने के आरोप हैं।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी शिकायतों के एक समूह पर आधारित है, जिनमें से 1 जून 2022, में दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, चौधरी अनिल कुमार द्वारा दिल्ली पुलिस में दायर की गई आपराधिक शिकायत है। सरकार को विपक्षी भाजपा व कांग्रेस से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, जिसमें कहा गया कि, सरकार ने पैसे के बदले सभी लाइसेंस बेच दिए हैं। ये आरोप लगाये गए कि सरकार ने उत्पाद शुल्क विभाग को पूरी तरह से निजी एजेंसियों को सौंप दिया है। कथित तौर पर शराब लाइसेंस धारकों को उनकी मर्जी के मुताबिक एक्सटेंशन दिया गया। यह आरोप भी लगाया कि नई नीतियां उत्पाद शुल्क नीतियों के विपरीत हैं। विपक्ष ने इसकी जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों से हस्तक्षेप की मांग की। मनीष सिसौदिया ने कहा, 'नई नीति के तहत अनाधिकृत क्षेत्रों सहित 849 नए आउटलेट खोले जाने हैं, जिसे राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी है।' राज्य की विपक्षी भाजपा ने एक स्टिंग ऑपरेशन वीडियो भी जारी किया, जहां एक व्यापारी, एफआईआर में आरोपी सन्नी मारवाह के पिता ने नई नीति के तहत इसे उत्पाद शुल्क बताते हुए धन इकट्ठा किया जाने का धांधली मामला बताया। भाजपा आईटी सेल ने वीडियो जारी किया व अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की आवाज़ उठाई कि दिल्ली सरकार में बिचौलियों व माफियाओं का नियंत्रण है। जब यह बात इतनी आगे तक बढ़ गई तो उपराज्यपाल विनय कुमार की एंट्री स्वाभाविक थी। मनीष सिसौदिया ने राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2016 में एक सरकारी खादी निकाय के अध्यक्ष रहते हुए 1,400 करोड़ रुपये के विमुद्रीकृत नोटों का आदान-प्रदान किया था। सक्सेना ने इसे निराधार बताते हुए आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार को इन तुच्छ व्यवहारों व बयानों से दूर रहने की सलाह दी। अब सीबीआई व ईडी की छापेमारी आरंभ हो गई। 20 अगस्त 2022 को सीबीआई ने आरोप निर्धारित करने के लिए डिप्टी सीएम सिसौदिया के आवासों व इस मामले से जुड़े नौकरशाहों पर छापेमारी की। 6 सितंबर 2022 को ईडी ने देशभर में 40 जगहों पर छापेमारी की। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह सत्य है कि सन्नी मारवाह के बयान पर अरविंद केजरीवाल को ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, जो आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है वहां राजस्व नुकसान हो कर, निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। क्या ऐसा हो सकता है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी उनके लिए जनता में राजनीतिक सहानुभूति उत्पन करे? इसकी उम्मीद कम है। शीघ्र ही दिल्ली में राष्ट्रपति शासन भी लागू किया जा सकता है। यह सब राजनीतिक पसोपेश हैं। देखने वाली बात है कि अरविंद की गिरफतारी का चुनाव पर क्या असर पड़ता है?

योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला



संकलित

चिंतन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें

संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है।

लोकसभा चुनाव

चेतनादित्य आलोक

ठाकरे बनाम ठाकरे की तैयारी

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद महाराष्ट्र के दोनों प्रमुख गठबंधनों राजग और महाविकास आघाड़ी(एमवीए) के बीच राजनीतिक संग्राम दिनोंदिन तेज होता जा रहा है। भाजपा की ओर से चली गई महज एक चाल में ही समस्त विपक्षी पार्टियों के हौसले पस्त प्रतीत होते हैं। दरअसल, भाजपा ने राज ठाकरे नीत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से चुनावी तालमेल कर तमाम राजनीतिक समीकरणों को धराशायी कर दिया है। राज ठाकरे के राजग में आ जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) पर महाविकास आघाड़ी की नीतियों और एजेंडे को छोड़ने तथा अपने राजनीतिक एजेंडे में 'हिंदुत्व' एवं' मराठी मानुस'को शामिल करने का दबाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर हिंदुत्व एवं मराठी मानुस के प्रभाव वाली सीटों पर मनसे, शिंदे गुट और राजग के मैदान मार ले जाने की पूरी संभावना है। वास्तव में ये ही वे मुद्दे हैं, जिनको आधार बनाकर शिवसेना दो-फाड़ हुई थी। बहरहाल इसी दबाव के कारण ही महाविकास आघाड़ी के सभी दल 2024 के दंगल में एकला चलो की नीति अपनाने पर मजबूर हुए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना (यूबीटी) का महाविकास आघाड़ी से अलग होना निश्चित ही था, क्योंकि राज ठाकरे के भाजपा के साथ आ जाने से उसकी 'हिंदुत्व' एवं 'मराठी मानुस' वाली राजनीति के समाप्त होने का खतरा मंडराने लगा था। वहीं, दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी के इस आंतरिक बिखराव को रोकने के लिए शरद राव पवार की बेटी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने राज को महाविकास आघाड़ी में आने का न्योता देकर ठाकरे बंधुओं की लड़ाई का लाभ भाजपा को लेने से रोकने की भरपूर कोशिश की, किंतु बात नहीं बन सकी। हालांकि राज को सुप्रिया के बुलावे पर संजय राउत ने तंज कसते हुए सुप्रिया से अवश्य पूछ लिया कि क्या पवार साहब इस बात पर सहमत हैं। तात्पर्य यह कि महाराष्ट्र में अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि 2024 के दंगल में 'ठाकरे बनाम ठाकरे' होकर ही रहेगा। शिवसेना के पुराने समर्थकों के एक बड़े समूह का झुकाव तो पहले ही शिंदे के आने से राजग की तरफ हो चुका है, अब राज ठाकरे के आ जाने से भाजपा उद्धव ठाकरे को मिलने वाली सहानभूति वोटों को भी अपनी ओर करने में सफल हो सकती है। ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे की शिवसेना से शिफ्ट होने वाले मराठी वोटरों के लिए दो ही विकल्प दिखाई देते हैं- या तो वे राज ठाकरे का नेतृत्व स्वीकार कर मनसे के प्रत्याशी को वोट करें अथवा शिवसेना के शिंदे गुट के पाले में शिफ्ट हो जाएं। दोनों ही स्थितियों में राजग को फायदा होगा। राज ठाकरे की आक्रमक छवि का चुनावी लाभ भी भाजपा को मिलने की संभावना है। वहीं, राज ठाकरे को अपने पाले में करके शिवसेना शिंदे गुट की ज्यादा लोकसभा सीटों की मांग वाली 'प्रेशर पॉलिटिक्स' की काट भी भाजपा ने ढूंढ निकाली है। तात्पर्य यह कि एकनाथ शिंदे ने यदि अधिक मोल-भाव किया और भाजपा ने उन्हें गठबंधन से बाहर का रास्ता दिखा दिया तो वे कहीं के नहीं रहेंगे, यह उन्हें भी पता है। राज ठाकरे ने राजग में शामिल होने के बाद लोकसभा की दो सीटें मांगी हैं-दक्षिण मुंबई और शिरडी की। मराठी वोट की प्रखर राजनीति करने के कारण राज ठाकरे को उम्मीद है कि उनकी पार्टी मराठी बहुल दक्षिण मुंबई क्षेत्र में जीत दर्ज कर सकती है और कमोबेश ऐसी ही स्थिति शिरडी लोकसभा क्षेत्र की भी है। फिलहाल दक्षिण मुंबई क्षेत्र से निर्वाचित सांसद अरविंद सावंत हैं, जो शिवसेना (यूबीटी) से आते हैं। पार्टी ने एक बार फिर उन्हें ही इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि दक्षिण मुंबई क्षेत्र में चुनाव लड़ाने के लिए भाजपा को भी एक ऐसे नेता की तलाश थी, जो मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए जाना जाता हो, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) से छीन कर भाजपा वह सीट अपने पाले में कर सके। राज ठाकरे के लिए भी दक्षिण मुंबई और शिरडी की सीटों पर जीत सुनिश्चित करना अब पहले की अपेक्षा आसान हो जाएगा, क्योंकि राजग में आ जाने के बाद राज ठाकरे के सामने केवल शिवसेना (यूबीटी) ही होगी

अंतर्मन

आज की पाती

अभद्र भाषा का प्रयोग क्यों

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है। उन्होंने कहा कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को बहुत से लोग प्रयोग करते हैं।

ट्रेंड

कांग्रेस की गलतियां महंगी पड़ी

कांग्रेस पार्टी की रणनीतिक गलतियां और भूलों की कीमत भारत और भारतीयों को महंगी पड़ी है। कच्चातिवू भारत की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति कांग्रेस के बचकाने दृष्टिकोण का एक और कठोर सत्य है। ऐसी पार्टी को कभी भी भारत के हितों की रक्षा करने का काम नहीं सौंपा जा सकता।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

संसार परिवर्तनशील

यह संसार नश्वर और नित्य परिवर्तनशील है। यहां कुछ भी स्थायी नहीं है। इस मरणधर्मा संसार की भांति यहाँ के वस्तु पदार्थ भी नाशवान है। इंद्रियां और मन जिन विषयों में आसक्त हैं, वे सभी विषय और उनके रस एक जैसे नहीं है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

देश को बचाने का चुनाव

मोदी 'मैच फिक्सिंग' से चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। वीएम के दम पर 400 पार का नारा लगा रहे हैं। जबकि हकीकत में सब मिला कर भी वह 180 पार करने की हालत में नहीं है। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

चरित्र निर्माण पर ध्यान दें

आपका चरित्र वही है जो आप हैं। आपकी प्रतिष्ठा वह है जो दूसरे आपके बारे में सोचते हैं। आप यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि दूसरे क्या सोचते हैं। इसलिए अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें। प्रतिष्ठा मिलेगी।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर

पाकिस्तान के पीएम के रेड कारपेट इस्तेमाल पर रोक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्रिमंडल मामलों के प्रभाग के मुताबिक प्रधानमंत्री के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है।



ऑफ बीट

बचा खाना सेवन के लिए सुरक्षित, कैसे तय करे

बचे हुए खाने को खाना पैसे बचाने, व्यंजनों में विविधता लाने और भोजन की बर्बादी को कम करने का एक शानदार तरीका हो सकता है। मगर बचा हुआ भोजन खाना जोखिम भरा भी हो सकता है, क्योंकि यह जीवाणु के संपर्क में भी आ जाता है। अगर आपने बचे हुए खाने को सही तरीके से नहीं रखा और सही तरीके से गर्म नहीं किया तो आप विषाक्त भोजन की चपेट में आ सकते हैं, जो जानलेवा भी हो सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप बचे हुए भोजन को खाना छोड़ दें। खाने को ठीक रखने के लिए सही तरीकों का पालन कर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जब आप बचा हुआ भोजन करें तो आप सुरक्षित रहें।

संक्षेप

हापुड़ में मासूम बच्ची की हत्या

खंडहर में मिली लाश, पेट और गले पर गहरी चोट के निशान; खेलते समय गायब हुई थी बच्ची

हापुड़, हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ इलाके के गांव जखैड़ा में 7 साल की बच्ची की हत्या कर शव खंडहर में फेंक दिया गया। बच्ची शाम को घर के बाहर खेलते हुए संदिग्ध हालात में गायब हो गई थी। बच्ची के नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर उसकी जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार जखैड़ा में रहने वाले राजीव तोमर की सात वर्षीय बेटी काव्या रविवार शाम बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी बीच वह लापता हो गई। परिजन ने बच्ची की काफी तलाश किया, लेकिन कहीं पर पता नहीं चल सका। रात में करीब नौ बजे परिजन ग्रामीणों के साथ बच्ची की तलाश कर रहे थे। तभी मकान से बीस मीटर की दूरी पर स्थित एक खंडहर में बच्ची का शव पड़ा मिला। उसके पेट और गले पर गहरी चोट के निशान मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बच्ची की मौत से परिजन में कोहराम मच गया। एएसपी राजकुमार अग्रवाल, थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार बच्ची की गर्दन व पेट पर ऐसे निशान है, जैसे किसी तार से गले को घोटा-काटा गया हो। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एएसपी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

युवती को दबंग ने लात-घूसों से पीटा

फतेहपुर में सरकारी हैंडपंप में पानी भरने को लेकर झगड़ा, बाल पकड़कर जमीन पर पटका

फतेहपुर, फतेहपुर में सरकारी हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में एक युवती को दबंगों ने बेरहमी से लाठी डंडे और लात घूंसों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे युवती को गंभीर चोट आई है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव के रहने वाले दयाराम पासवान की पुत्री गायत्री देवी घर के पास लगे सरकारी हैंडपंप से पानी भर रही थी। पड़ोसी महिला कौशल्या देवी से पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद महिला के पति जवाहरलाल पासवान ने युवती को पकड़कर लाठी-डंडे से पिटाई करने के बाद लात घूंसा से पिटाई कर दी। इस दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से युवती के बाल पकड़कर युवक बेरहमी से जमीन पर पटक-पटककर पिटाई कर रहा है

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली निकाल किया जागरूक

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत भखरौली मुंगेशपुर में हुई रैली

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। अपराजिता नारी संघ की महिलाओं ने कार्यक्रम में भागीदारी कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया तथा रैली निकालकर सभी को संचारी रोग के प्रति जागरूक किया। अपराजिता द्वारा गठित भखरौली मुंगेशपुर मे सावित्री बाई नारी संघ के नेतृत्व मे महिलाओं ने कोठार कंपोजिट विद्यालय के अभिवावक व स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में भागीदारी कर एसएमसी सदस्यों की जिम्मेदारियों को भी जाना। एसएमसी सदस्यों को पहचाना वा बच्चों का प्रगति पत्र वितरण में सहयोग कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। संस्था प्रमुख किरण बैस ने बताया कि एसएमसी सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर उसको निभाने की जरूरत है। यदि बच्चा स्कूल नहीं आ रहा है तो उनको चिन्हित कर स्कूल आने हेतु प्रोत्साहित करें। विद्यालय की स्वच्छता, साफ पानी की उपलब्धता, मिड डे मील की गुणवत्ता आदि की जांच करना भी उनकी जिम्मेदारियों में से एक है। अपराजिता की सदस्य अर्पिता ने बताया कि हमारी नारी संघ की महिलाओं को भी यही जिम्मा उठाना होगा उनके ग्राम पंचायत में विद्यालय की क्या स्थिति है।बच्चे नियमित स्कूल जा रहे है या नहीं, किशोरियों की भी शिक्षा की तरफ बढ़ना चाहिए ताकि बाल विवाह जैसे कुरीतिया दूर हो सकें। इसी के साथ नारी संघ महिलाओं ने ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस में भागीदारी कर बच्चों के साथ मिलकर संचारी रोग से जागरूक करने हेतु रैली निकाली आंगनबाड़ी की विजिट कर वहां मिल रही सुविधाओं को जान कर सहयोग वा निगरानी करने का भी जिम्मा लिया। इस पूरे कार्यक्रम में नारी संघ की सदस्य, उषा, पार्वती, सुमन, पूनम नारी संघ महिलाएं, एसएमसी अध्यक्ष कृपा राम, सचिव आस्था श्रीवास्तव, सदस्य होली राम, उषा, बालकराम, अयोध्या प्रसाद, संजू, सकीना बनो, सुमन देवी, आशा रोली सिंह, आगंवानी रेखा सिंह, एएनएम नंदनी किशोरी अंशु, चांदनी, बच्चे, किशोर, प्रधानाध्यापक आस्था श्रीवास्तव आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

ब्लॉक अध्यक्ष विपिन सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई नवाबगंज ने ब्लॉक अध्यक्ष विपिन सिंह के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रतिकूल प्रविष्टि के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी इँ्रू नवाबगंज राधेश्याम वर्मा को सौंपा गया।बताते चले जनपद बहराइच के 1144 परिषदीय विद्यालयों, जिसमें विकास खंड नवाबगंज के 138 विद्यालयों में शैक्षिक वर्ष 2023-24 में कम नामांकन के लिए शिक्षकों को जिम्मेदार मानते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज ने उक्त अव्यवहारिक आदेश का विरोध करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच को संबोधित ज्ञापन बीईओ नवाबगंज को सौपते हुए इस प्रकार के अव्यवहारिक आदेश को वापस लिए जाने की माँग की है। ब्लॉक अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि ऐसे दमनात्मक आदेश से कार्यरत शिक्षक हतोत्साहित होता है। अगर किसी शिक्षक/शिक्षिका कों प्रतिकूल प्रविष्टि जी जाती है तो ऐसी स्तिथि में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व विभाग का होगा। महामंत्री अनीस अहमद ने कहा कि शिक्षक साथियो का अहित किसी भी दशा में नहीं होने दिया जायेगा।संघ ऐसे अनुचित आदेशों का मुखर विरोध करेगा।साथ ही शिक्षक संकुल की धनराशि पीएमएफएस पोर्टल द्वारा न प्राप्त होने पर बीईओ नवाबगंज से वार्ता की गई। शिक्षक संकुल की धनराशि उनके खातों में प्रेषित न होने पर संगठन मंत्री सजल मिश्रा द्वारा रोष व्यक्त किया गया। उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, संगठन मंत्री सजल मिश्रा, सयुक्त मंत्री दिनेश कुमार, महामंत्री अनीस अहमद मीडिया प्रभारी विनोद गिरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

मतदाता पर्ची व पहचान पत्र वितरण कार्य की डीएम ने की समीक्षा

वेबकास्टिंग कार्य की तैयारियों का भी लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार जनपद में मतदान प्रकिया का वेबकास्टिंग कराये जाने की तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वेबकास्टिंग के लिए चिन्हित मतदान केन्द्रों व मतदेय स्थलों की सूची दो दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस सम्बंध में उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी को निर्देश दिया कि आयोग की मंशानुसार वेबकास्टिंग कराये जाने के दृष्टिगत कैमरों व प्रशिक्षित मैन पावर इत्यादि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करा लें। डीएम ने उप जिलाधिकारियों से मतदाता पर्ची व मतदाता पहचान पत्र वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि शत प्रतिशत मतदाता पर्ची व मतदाता पहचान पत्र का वितरण सुनिश्चित कराये ताकि मतदान प्रतिशत प्रभावित न होने पाये। उन्होनें निर्देश दिया कि इस कार्य की नियमित समीक्षा करते रहे आवश्यकतानुसार सक्षम स्तर से पत्राचार भी करते रहे। समीक्षा के दौरान जिस स्तर पर मतदाता पर्ची व मतदाता पहचान पत्र वितरण में उदासीनता व लापरवाही पायी जाय सम्बन्धित कार्मिक को चिन्हित कर कार्रवाई के लिए उच्च स्तर पर अवगत कराया जाय। इसके अलावा निर्वाचन से सम्बन्धित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ डॉ देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा अश्वनी पाण्डेय, कैसरगंज पंकज दीक्षित, महसी अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर दिनेश कुमार, मोतीपुर (मिहींपुरवा) संजय कुमार, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

भारत नेपाल सीमा पर बसे गांव में नेटवर्क की समस्या होगी दूर: आलोक जिंदल

- दूरसंचार अधिकारियों ने टीम के साथ गांव पहुंचकर किया सर्वे
- जनजातीय बाहुल्य गांवों में नहीं रहता कोई नेटवर्क

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग तथा भारत नेपाल पर बसे जनजातीय बाहुल्य गाँव आंबा ,बरदिया,फकीरपुरी, विशुनापुर गांवों में नेटवर्क की समस्या के चलते जहां लोगों को अपनों से बात करने में समस्या होती है वहीं छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई करने में भी समस्या का सामना करना पड़ता है इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार उठाई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। पिछले महीने ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए नेटवर्क नहीं तो वोट नहीं का कई स्थानों पर बैनर लगाकर हजारों की संख्या में इकठ्ठा होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया तो इसकी आवाज डीएम तक पहुंची। डीएम ने उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा संजय कुमार को मौके पर भेजा। एसडीएम ने मौके पर पहुँच ग्रामीणों को समझाया बुझाया की जल्द समस्या का समाधान होगा तथा मतदान का बहिष्कार ना करने की बात कही और ग्रामीणों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। वहीं लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की बात क्षेत्रीय विधायक सरोज सोनकर तक पहुँची तो विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी इसका संज्ञान लिया और मंगलवार को जनपद से दूरसंचार के अधिकारियों की एक टीम गांव पहुंची। टीम के साथ ही विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल व नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मदेशिया भी पहुंचे। टीम में भारत संचार निगम लिमिटेड के साथ ही प्राइवेट कंपनियों के भी अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सर्वे किया तथा जल्द नेटवर्क की समस्या से निजात दिलाने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा नेटवर्क की समस्या को लेकर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया था इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया था अब बहुत जल्द ही वहां पर नेटवर्क की समस्या का समाधान हो जाएगा और ग्रामीणों को नेटवर्क का भरपूर लाभ मिलेगा। मौके पर नेटवर्क विहीन चारों ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान श्यामलाल माधुरी करन सिंह अजय चौधरी राजेश चौधरी की मौजूदगी में सर्वे किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

अमेठी में क्रासिंग में खड़ी बाइक में चढ़ा कोबरा

- बाइक छोड़कर भागा युवक, 15 मिनट बाद उतरकर जंगल की तरफ गया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी की परसदेपुर रेलवे क्रासिंग बंद होने के कारण खड़ी बाइक पर एक जहरीला सांप चढ़ गया। सांप के बाइक पर चढ़ते ही बाइक सवार युवक बाइक छोड़कर मौके से भाग निकला।जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गई, जिसके बाद कड़ी मशक्कत से सांप को बाइक से हटाया गया। पूरी घटना का वीडियो सामने आया है है। पूरा मामला जायस थाना क्षेत्र में बनी परसदेपुर रेलवे क्रासिंग का है, जहां कल देर शाम पास के ही गांव का रहने वाला एक युवक देर रात करीब 10 बजे अपने घर जा रहा था। ट्रेन आने की वजह से क्रासिंग बंद हो गई। क्रासिंग बंद होते ही युवक अपनी बाइक बंद करके खड़ा था तभी अचानक जहरीला सांप आकर बाइक पर चढ़ गया। बाइक पर सांप चढ़ते ही युवक दहशत में चिल्लाते हुए बाइक छोडकर भाग गया। युवक के चिल्लाने की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए, जिसके बाद सांप को भगाने की कोशिश शुरू हुई। करीब 15 मिनट की कड़ी मेहनत के बाद सांप बाइक से उतरकर जंगलों की तरफ चला गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों की मानें तो यह जहरीला कोबरा सांप है जो पिछले कई सालों से पास के ही एक पीपल के पेड़ पर रहता है।

वार्षिकोत्सव में परीक्षा के मेधावी हुए पुरस्कृत

छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां, खूब बजी तालियां

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। बुधवार को विकास खण्ड जरवल के आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय तप्पेसिपाह में वार्षिकोत्सव, अंकपत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बीईओ अरविंद बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में छात्रों द्वारा विज्ञान आधारित लघु नाटिका पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा छात्रों ने नये सत्र में स्कूल में दाखिले हेतु नामांकन आधारित स्कूल चलो एकांकी, अंग्रेजी कविता पर सामूहिक प्रस्तुति व समूह नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी श्री सिंह के द्वारा ?1000 नगद पुरस्कार तथा परीक्षा के मेधावी छात्रों को स्टेशनरी, पेन व गिफ्ट आदि देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक सुरेश सरोज ने किया। समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, जूनियर संघ अध्यक्ष उबैदुर्रहमान, टीचर सेल्फ केयर टीम ब्लॉक संयोजक खलीकुज्मा, एआरपी अब्दुल मोमिन, वन दरोगा शीतला प्रसाद, ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान रमेश निषाद आदि ने बच्चों को इसी लगन से आगे पढ़ाई जारी रखने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आयोजक प्रधानाध्यापिका रीता सिंह, शिक्षिका शमसा कमर, ममता यादव, पूर्णिमा, गरिमा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

बस्ती में डीएम ने 94 शस्त्र लाइसेंस को किया निरस्त

306 लोगों को 2 दिन के अंदर शस्त्र जमा करने की दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

बस्ती, बस्ती में लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी एक्शन मोड में हैं। उन्होंने शस्त्र लाइसेंसियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 94 लाइसेंस निरस्त कर दिया है। जिसके बाद असलहा रखने वालों के होश उड़े हुए हैं। इनका लाइसेंस यूं ही नहीं निरस्त हुआ है। डीएम के बार-बार अल्टीमेटम देने के बाद ज्यादातर लोगों ने अपने असलहे नहीं जमा किए। कई तो ऐसे हैं जो लाइसेंस ले रखें हैं, लेकिन उनके पास असलहे नहीं हैं। इन दोनों पर कार्रवाई की गई है। डीएम ने एसडीएम और सीओ को निर्देशित किया है कि स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान में बाधक अराजक तत्वों के विरुद्ध 107/16 व 151 की कार्रवाई सुनिश्चित करें> गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर करने वाले अपराधियों की सूची तत्काल प्रेषित करें और आबकारी एक्ट की धारा 72 के तहत अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीएम ने समीक्षा में पाया कि लगभग 80 प्रतिशत शस्त्र लाइसेंस जमा हो गए हैं। फिर भी पैकोलिया में 88, कप्तानगंज में 82, सोनहा में 74 तथा वाल्टरगंज में 62 शस्त्र जमा नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक विभिन्न कारणों से कुल 94 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जा चुके है।306 शस्त्र लाइसेंस धारकों को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि इन्हें जमा नहीं किया जाता है तो इनके निरस्तीकरण की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने ईओ नगर पालिका सत्येंद्र कुमार सिंह को निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण के लिए निर्धारित किसान इंटर कॉलेज के कमरों की मरम्मत 4 अप्रैल तक सुनिश्चित कराएं। इसी प्रकार कंट्रोल रूम की व्यवस्था मुकम्मल करें तथा मंडी समिति में स्ट्रॉन्ग रूम का कायाकल्प 4 अप्रैल तक पूरा कराएं।

एटा में मेडिकल छात्रा ने किया सुसाइड

- 1 साल कोटा में रहकर की पढ़ाई, पिता बोले- अपने बर्थडे की तैयारी कर रही थी

अमन लेखनी समाचार

एटा, एटा में मेडिकल की तैयारी कर रही एक 21 साल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। उसने 1 साल कोटा में रहकर पढ़ाई की थी। उसके बाद घर वापस आकर सेल्फ स्टडी कर रही थी। रात को छात्रा ने परिवार के साथ रात में खाना खाया। उसके बाद कमरे में सोने चली गई। उसका कमरा घर की चौथी मंजिल पर था। सोमवार सुबह जब वह बहुत देर तक नीचे नहीं आई, तो परिवार के लोग उसको देखने पहुंचे। कई बार खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोलने पर घरवालों ने खिड़की से देखा, तो बेटी का शव दुपट्टे से पंखे के सहारे लटक रहा था। बेटी को इस हाल में देखकर परिवार के लोग चीखने-चिल्लाने लगे। इस पर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को नीचे उतारा। उसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला एटा के कोतवाली नगर क्षेत्र के सिविल लाइंस कॉलोनी का है। छात्रा का नाम खुशी (21) था। खुशी साल 2022 में मेडिकल की पढ़ाई करने कोटा गई थी। उसके बाद वह 2023 में एटा वापस आ गई थी। उसके बाद से वह घर पर रहकर ही पढ़ाई कर रही थी। परिवार के लोगों का कहना है, छात्रा सरकारी कॉलेज में एडमिशन न मिलने से परेशान थी। लेकिन उसने कभी इस बारे में कोई बात नहीं की। न ही कभी पढ़ाई से जुड़ी कोई बात बताई। पता होता बेटी इतनी परेशान है, तो हम लोग उसको समझा लेते। खुशी के पिता का कहना है, 12 अप्रैल को मेरी बेटी का बर्थडे है। वह घर में बर्थडे की पार्टी करने की बात कर रही थी। उसके बाद अपनी बुआ के साथ वैष्णो देवी दर्शन करने जाने के लिए बोल रही थी।

फतेहपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

सीडीओ ने गुब्बारे उड़ाकर किया उद्घाटन, बीमारी से बचाव की दी जाएगी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, फतेहपुर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल एवं दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। नगर पालिका परिषद सदर में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने गुब्बारे उड़कर अभियान का शुभारंभ किया। सीडीओ ने कहा कि संचारी रोगों के बारे में जागरूकता फैलाएं साथ ही लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करें क्योंकि संचारी रोगों के उत्पन्न होने में गंदगी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए अपने आसपास साफ सफाई रखें और मच्छर से बचाव के लिए सभी उपाय करें। अपने घरों में कूलर, पानी की टंकियों की साफ-सफाई नियमित करें और पानी बदलते रहें। उन्होंने कहा कि आशा बहू व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर 15 साल से कम आयु के बच्चों अथवा क्षय रोग के लक्षण वाले व्यक्ति पाए जाएं तो उनके घर के प्रमुख जगह पर स्टीकर लगाएं। इसके साथ ही चिकित्सा परामर्श दें

रामपुर पहुंचे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह

- बोले- गठबंधन और केजरीवाल भ्रष्टाचार में डूबे हैं, देश की जनता मोदी के साथ है

अमन लेखनी समाचार

रामपुर, रामपुर पहुंचे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने इंडिया गठबंधन और केजरीवाल पर निशाना साधा है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है। भ्रष्टाचार में केजरीवाल जेल में बंद है, उनके तमाम मंत्री भ्रष्टाचार में जेल में बंद हैं। कोर्ट ने जमानत नहीं दी है, फिर भी दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रजा तंत्र बचाओ, प्रजातंत्र को ये नष्ट करने का काम कर रहे हैं। 87% जनता की आवाज पीएम मोदी की आवाज है। आज देश की जनता पीएम मोदी के साथ है। देश भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है इसलिए आगे बढ़ रही है। 87% जनता मोदी की आवाज बनकर खड़ी है। जी-20 दुनिया के जो 20 देश हैं, समृद्धि की दृष्टि से जो मजबूत हैं, उनकी अध्यक्षता पीएम मोदी ने की है। बोले तीन चीजें होती हैं, किसी सरकार के लिए कानून व्यवस्था बेहतर हो, आने जाने के साधन अच्छे हों और जनता को बिजली की व्यवस्था अच्छी हो। आने जाने की सारी कनेक्टिविटी अच्छी है, सेफ्टी कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिक सिटी आज हम इन चीजों पर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्तार अंसारी पर कितने आपराधिक मुकदमें थे, ये सब समाजवादी पार्टी अपराध ग्रस्त पार्टी है। अपराध भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी इसलिए सारे लोग ऐसी बातें करते हैं।

संक्षेप

बिना आदेश के फर्जी तरीके से भूमि पैमाईस कर रही थी महिला लेखपाल

लेखपाल पर धन उगाही कर दूसरे की भूमि कब्जा करने का भी आरोप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेवड़ा में तैनात महिला लेखपाल बिना एसडीएम के आदेश पर एक ऐसे व्यक्ति की भूमि पैमाईस करने पहुंच गई थी। जिसका किसी से विवाद नहीं था। भू-स्वामी द्वारा विरोध करने पर महिला लेखपाल ने कड़क आवाज में जबाब दिया था की एसडीएम के आदेश पर भूमि की पैमाइस करने आई हूं,। आदेश की कापी मांगने पर फरार हो गई। साथ ही क्षेत्र के विशेष चर्चा है की महिला लेखपाल द्वारा धन उगाही कर दूसरे की भूमि कब्जा कराया जा रहा है।

पीड़ित दिलीप कुमार मौर्य निवासी कविसा ने महिला लेखपाल पर धन उगाही कर दूसरे की भूमि कब्जा कराने का आरोप लगाया। तथा बिना किसी आदेश के दूसरे की भूमि पैमाईस कर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए एसडीएम सहजनवा को ज्ञापन सौंपा। इस संदर्भ में एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने कहा की शिकायत मिली है। जांच कराकर करवाई की जायेगी।

रास्ते को लेकर विवाद आधा दर्जन पर बलवा,मारपीट का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के कालेसर में रास्ते के विवाद को लेकर आधा दर्जन की संख्या में मनबढ तीन सगी बहनों को पीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस न आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से मुन्नी देवी पत्नी राम सनेही के घर के पास रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। उसी बात को लेकर आरोपी लाठी डंडा,से बेटी नेहा,अचल,काजल को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिए थे।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने विशुनदेव विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, तान्या विश्वकर्मा,रितिका विश्वकर्मा, मालती देवी के खिलाफ गाली गलौज,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही गीडा थाना क्षेत्र के जिगिना निवासी कमलजीत पुत्र गामा पासवान 26 मार्च को अपने दोस्तो के साथ घर जा रहा था। गहासाड स्थित काशीराम आवास के पास अज्ञात मनबढ ने घेर लिया। और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ गाली गलौज,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

भौवापार में संपन्न हुआ शैक्षिक संगोष्ठी एवं सेवानिवृत शिक्षक सम्मान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के पूर्व माध्यमिक विद्यालय भौवापार में शैक्षिक संगोष्ठी एवं सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष राजेशधर दुबे ने कहा कि हम शिक्षकों का कर्तव्य है कि विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन करें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करके अच्छे नागरिक तैयार करें,इस कार्यक्रम में वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा जे. के. राय ने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिए उनके किसी भी पावने के भुगतान के लिए उन्हें कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी,इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री एवं जिला मंत्री श्रीधर मिश्रा ने कहा कि हमारे सेवानिवृत शिक्षकों के संघर्षों का परिणाम है कि आज हम शिक्षक का जीवन स्तर उच्च कोटि का हो गया है अब हम सब लोगों को देश के भविष्य को संवारने के लिए भी उच्च कोटि का कार्य करना होगा, इस कार्यक्रम में विकासखंड पिपरौली से सेवानिवृत 6 शिक्षकों को सम्मानित किया गया,कार्यक्रम में पूर्व प्रदेशीय बरि.उपाध्यक्ष भक्तराज राम त्रिपाठी,जनपद के कोषाध्यक्ष सुधांशु मोहन सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र राय,उपाध्यक्ष/मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र ओझा,अनिल पांडे,योगेश शुक्ला,अनिल चंद,संतोष तिवारी,सर्वेश्वर तिवारी,प्रभाकर सिंह,महेंद्र चतुर्वेदी संग्राम सिंह,अनिरुद्ध तिवारी सुरेंद्र सिंह, नेता अरविन्द कुमार,अजय श्रीवास्तव,हरी सिंह यादव,राजेश गुप्ता,हर्वेश गुप्ता, अशोक यादव,मानु राय,इंद्रशेन यादव, शम्भू यादव,विजय तिवारी,मनोज सिंह जितेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार,अखिलेश सिंह,फजील अहमद आदि अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित थे,कार्यक्रम का संचालन पिपरौली विकासखंड के मंत्री शिवेंद्र उपाध्याय एवं अतिथियों का स्वागत ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश मद्धेशिया ने किया।

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और कम्पोजिट मिनवा में नामांकन के लिए चला अभियान

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के कम्पोजीट विद्यालय मिनवा और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बालिकाओं द्वारा नामांकन के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए रैली निकाली गई।अभिभावकों से अपील किया गया की बालिकाओं का कक्षा छठी में नामांकन करवाना चाहते हैं, वह शीघ्र कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस विद्यालय में कक्षा छठी से आठवीं तक निःशुल्क शिक्षण के साथ छात्रावास, भोजन सुविधा के साथ-साथ महीने में सर्फ ,साबुन, कॉपी ,कलम एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल ने कहा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का मुख्य उद्देश्य विषम परिस्थितियों में जीवन-यापन करने वाली अभिवंचित वर्ग की बालिकाओं के लिए आवासीय विद्यालय के माध्यम से गुणवत्तायुक्त प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना है।कमजोर व पिछड़े वर्ग की बच्चियों को भी पढ़ने लिखने का समान अवसर प्रदान करना इस स्कूल का मुख्य उद्देश्य है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढने वाली लड़कियों में 75 फीसद एससी-एसटी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समूह से आती हैं, जबकि 25 फीसदी सीटें बीपीएल परिवारों के लड़कियों के लिए आरक्षित है। विद्यालय में प्रवेश के लिए सालाना परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिनमे से उच्च रैंक लाने वाले बालिकाओं को प्राथमिक तौर पर नामांकन दिया जाता है ।इस कार्यक्रम में,शिक्षिका विजय लक्ष्मी,प्रीति सिंह, अनु ,शिक्षक सुरेंद्र चौबे,अरविंद पांडेय,गंगा सरन के साथ कई लोग मौजूद रहे।

कृष्ण सुदामा की मित्रता आज के युग में नजीर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के गाडर गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान कथा में गोपाल कृष्ण शास्त्री द्वारा कृष्ण सुदामा मिलन की कथा सुनाई गई। जिसमें उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज के युग के लिए नजीर बन सकती है। द्वारकाधीश बनने के पश्चात राज दरबार में बैठे हुए भगवान श्री कृष्ण को द्वारपाल ने बताया कि दर पर कोई गरीब ब्राह्मण आया हुआ है। जब उसने उनकी वेशभूषा इत्यादि के बारे में भगवान को बताया तो भगवान को समझते देर नहीं लगी कि वह उनके बचपन के बाल सखा सुदामा होंगे। वह दौड़े -दौड़े दरवाजे तक पहुंचे। सुदामा को देखते ही भगवान ने उन्हें गले से लगाए, आदर सत्कार के साथ अपने साथ दरबार में ले आए और उन्हें सिंहासन पर विराजमान किया। पर उनके बाल सखा मित्र सुदामा संकोच कर रहे थे ।शायद उन्हें अपनी गरीबी पर लज्जा आ रही थी। पर भगवान श्री कृष्ण ने भरे राज दरबार में अपने पुराने मित्र को इस तरह इतना सम्मान दिया। जिससे यह मित्रता युगों युगों तक अमर हो गई। 27 मार्च से प्रारंभ इस श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का 4 अप्रैल को भंडारे के साथ समापन होगा। इस अवसर पर विवेकानंद शुक्ला, राजन मिश्रा, आरती देवी, पंचमी सिंह, सुबोध कुमार सिंह ,प्रभाकर सिंह ,विनय सिंह, निखिल, नितिन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

केंद्र और प्रदेश की सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओ का लाभ उठा रही जनता

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां,गोरखपुर। भाजपा सहजनवां विधान सभा क्षेत्र के सभी मंडलों के अध्यक्ष, प्रभारी व शक्तिकेन्द्र संयोजक एवं शक्तिकेन्द्र प्रभारियों की बैठक सहजनवां मंडी समिति पूर्वी गेट स्थिति एक मैरेज हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के पास अपार ऊर्जा का भण्डार होता है उसी के बल पर आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन पाए हैं। देश प्रदेश में हमारी सरकार है जो निरन्तर लोककल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से आम जन को लाभान्वित कर रही है। गोरखपुर क्लस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री व विधायक जयप्रकाश निषाद ने कहा कि हम सभी को एक एक बूथों पर जाना है,पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करना है। हर एक परिवार से संपर्क करना है और नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिये कमल के फूल पर मतदान की अपील करना है।सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के लिये अनगिनत योजनाएं चलायी हैं, फ्री शौचालय,आवास, गैस कनेक्शन,बिजली,पानी,किसान सम्मान निधि सहित गाँव गरीब किसान महिला नौजवान सभी के विकास के लिए सरकार काम कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह व संचालन विधान सभा संयोजक डॉ. आरडी सिंह ने किया। बैठक में पूर्व विधायक देवनारायन उर्फ जीएम सिंह, रामजियावन मौर्य, निरंकार त्रिपाठी, सत्यब्रत तिवारी, गोपाल गुप्ता, राम प्रकाश यादव, मनोज जायसवाल, गौरव गुप्ता, दिलीप यादव,नरेंद्र शुक्ला, मनोज सिंह , सहित कई लोग उपस्थित रहे।

गोरखपुर के राघवेंद्र ने दिखाया मध्य प्रदेश में दम

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। जनपद के राघवेंद्र प्रतापधर द्विवेदी पुत्र श्री रमाकांत धर द्विवेदी गोरखपुर निवासी ने हो रहे इंडियन स्पोर्ट्स एंड गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मध्य प्रदेश ग्वालियर में आयोजित सीनियर वर्ग के बालको के कबड्डी प्रतियोगिता मे उत्तर प्रदेशके टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जीत दिलाई जिसमें राजस्थान को फाइनल मे करारी शिकस्त देकर उत्तर प्रदेश को विजय बनाया जिससे अपने और जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया।

प्रधान के सहयोग से अंबेडकर मूर्ति की हो रही स्थापना

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत जालहेपार में देश की आजादी से लेकर आज तक दलित बस्ती में भूमि के अभाव में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के मूर्ति की स्थापना नहीं हो पा रही थी। दलित बस्ती के लोगो द्वारा भूमि के लिए कई बार प्रयास भी किया गया था। लेकिन सफलता नहीं मिली थी। फिर ग्रामीणों ने गांव के प्रधान रामसिंह से संपर्क साधा तो उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मूर्ति के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। और जो खर्च आएगा। उसका वहन मेरे द्वारा किया जायेगा। मंगलवार को अंबेडकर मूर्ति के स्थापना के लिए प्रधान द्वारा भूमि चिन्हित कर कार्य को शुरू करा दिया। प्रधान रामसिंह ने बताया की 14 अप्रैल के पहले बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर की मूर्ति की स्थापना कर दी जाएगी। इस सराहनीय कार्य को देखते हुए दलित बस्ती में खुशी की लहर है।

रिंद नदी में डूबने से वृद्ध की मौत, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के जाफरगंज थाना क्षेत्र में घर से खेतों की ओर निकला वृद्ध रिंद नदी में डूब गया परिजनों व ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की तो गांव से दूर दूसरे गांव के समीप नदी में शव मिला। शव मिलने के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन रो रो बकर बेहाल हो रहे थे वहीं परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के समसपुर गांव निवासी वृद्ध छेदा लाल निषाद उर्फ छेद्दू उम्र 70 वर्ष गांव से दूर खेतों में गया था। तभी रिंद नदी के किनारे जाने पर अचानक पैर फिसल जाने से वह नदी में डूब गया। जब वह वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजन व ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू किया। इसके बाद वृद्ध का शव गांव से दूर नरेचा गांव के समीप रिंद नदी में मिला। इस मामले में परिजन ऑन ने मामले की सूचना पुलिस को नहीं दिया और अंतिम संस्कार कर दिया।

प्रॉपर्टी डीलर ने पैसे के बंटवारे को लेकर चलाई गोलियां

ब्रह्मपुरी के ध्यानचंद नगर में गोली लगने से राहगीर घायल, आरोपी खुद को गोली मारकर पहुंचा जिला अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के ध्यानचंद नगर में पैसे के बंटवारे को लेकर दो प्रॉपर्टी डीलर भिड़ गए, इस दौरान एक प्रॉपर्टी डीलर ने दूसरे साथी डीलर पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। वही एक गोली सड़क चलते युवक को जा लगी गोली लगने से युवक घायल हो गया, मुकदमे से बचने के चलते आरोपी ने खुद को भी गोली मार ली और जिला अस्पताल में भर्ती हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के संबंध में जानकारी ली और आरोपी के खिलाफ मुकदमा कायम कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र स्थित ध्यानचंद के रहने वाले अजय प्रजापति और राजू प्रजापति प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। रविवार को अजय और राजू ने मिलकर एक मकान बेचा था जिसके कमिशन के बंटवारे को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। तभी अजय अपने घर से तमंचा उठा लाया और राजू प्रजापति पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। किसी तरह राजू तो बच गया लेकिन तभी एक गोली ध्यानचंद नगर के रहने वाले राहगीर हिमांशु सिंगल के पैर में जा लगी, गोली लगने से हिमांशु घायल हो गया, मुकदमे से बचने के लिए आरोपी प्रॉपर्टी डीलर अजय ने भी अपने पैर में गोली मार ली और जिला अस्पताल में जाकर भर्ती हो गया, घटना के संबंध में जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस में घायल हिमांशु को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया। पुलिस ने हिमांशु की तहरीर के आधार पर आरोपी अजय प्रजापति के खिलाफ मुकदमा कायम करने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती आरोपी अजय को हिरासत में ले लिया है।

सीओ ब्रह्मपुरी संतोष कुमार का कहना है कि अजय नाम के प्रॉपर्टी डीलर ने अपने साथी डीलर पर गोली चलाई थी, गोली निकट ही खड़े एक युवक को जा लगी मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची उससे पहले आरोपी खुद को गोली मारकर जिला अस्पताल में भर्ती हो गया।

पीड़ित ने थाने में तहरीर दी थी, तहरीर के आधार आरोपी के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया गया है, और जिला अस्पताल में भर्ती आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उत्सुक विकास विद्या मंदिर

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के जहानाबाद क्षेत्र के विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज जहानाबाद में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला पोस्टर का आयोजन किया गयो वास्तव में यह कार्यक्रम बच्चो के लिए हर्ष का विषय था आपको बताते चले की आज के बच्चे ही कल के मतदाता बनेंगे और लोकतंत्र के महत्व को समझेंगे हमारा राष्ट्र विश्व का सर्वाधिक बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है जहां जनता के द्वारा जनप्रतिनिधियों का प्रत्यक्ष चुनाव किया जाता है किंतु एक बहुत सा बड़ा वर्ग इस लोकतंत्र के पर्व पर अपना मतदान नही करता है और कभी कभी गलत व्यक्ति लोकतंत्र के पर्व पर अपना मतदान नही करता है और कभी कभी गलत व्यक्ति लोकतंत्र के मंदिर में पहुंच जाता है जिससे क्षेत्र के साथ साथ राष्ट्र का विकास रुकता है तो बच्चो को बुधवार को लोकतंत्र के महत्व को विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम,विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम वा अन्य अध्यापक के द्वारा बताया गया

संदिग्ध परिस्थितियों में मिला आपरेटर का शव

परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर,। जनपद फतेहपुर के औग थाना क्षेत्र के एमएलएमपी फ्लोर मिल मे एक ऑपरेटर का शव उसके कमरे(फैक्ट्री के अंदर बनी कॉलोनी) में पाया गया देर रात परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक टीम मौके में पहुंचकर जांच पड़ताल की,मृतक के भाई ने लगाया हत्या का आरोप वही कंपनी प्रबंधन अपने बचाव के लिए परिजनों पर सुलाह समझौता का दबाव बना रहे है। वही सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि मिला शव कई घंटे पुराना है, फैक्ट्री प्रबंधन ने स्थानीय पुलिस को जानकारी क्यों नहीं दी यह भी सवालों के घेरे में आ रहा है वहीं चर्चा है कि ऑपरेटर कई वर्षों से उक्त फ्लोर मिल पर नौकरी कर रहा था किसी बात को लेकर मालिक से विवाद हुआ परिजनों ने बताया जहर देकर उसके भाई को मारा गया है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जालौन में घटिया सामान से हो रहा सड़क का निर्माण

ग्रामीणों ने किया विरोध, ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन के प्रांतीय खंड द्वारा डकोर विकास के ग्राम मुलपुरा से व्यासपुरा तक बनाई डेढ़ किलोमीटर तक के सड़क का निर्माण चल रहा है। जिसे ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही है। मानक विहीन सड़क का निर्माण होने का ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इस सड़क के निर्माण की जांच कराने को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय से ग्रामीणों ने शिकायत की। जिसके बाद डीएम ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच समिति बनाई। साथ ही कहा कि मानकों की अनदेखी वह गुणवत्ता की कमी होने पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की शिकायत शासन को भेजी है। जिससे संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जांच समिति बनाकर निमार्णाधीन सड़क की जांच कराई। जांच में बिना सफाई व सड़क में प्रयोग होने वाले सामान की मात्रा कम पाई गई। सड़क निर्धारित मानक अनुरूप नहीं पाई गई। साथ ही गुणवत्ता में भी कमी पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार की मिली भगत से अधोमानक सड़क निर्माण को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय कार्यवाही के साथ-साथ शासन को भी पत्र प्रेषित किया। साथ ही संबंधित अधिकारी व ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधोमानक निमार्णाधीन सड़क को उखाड़ कर मानक अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने के निर्देश दिए।

कृषकों को सूचीबद्ध/चिन्हित करते हुए कृषक कम्युनिकेशन प्लान बनाया जाए

जनपद में 122 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित

गेहूँ खरीद में 100 कुंटल तक की गेहूँ की मात्रा के सत्यापन की आवश्यकता नहीं

कृषक राजकीय क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय कर 48 घंटे के भीतर अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते में भुगतान करें प्राप्त

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली,जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया कि मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल, लखनऊ द्वारा गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये गये कि प्रत्येक केन्द्र से सम्बद्ध ग्रामों में गेहूँ विक्रय करने वाले कृषकों को सूचीबद्ध/चिन्हित करते हुए कृषक कम्युनिकेशन प्लान बनाया जाये। नियंत्रण कक्ष से प्रतिदिन प्रत्येक गांव के 05 वृहद कृषकों से मोबाइल पर गेहूं विक्रय हेतु सम्पर्क स्थापित कर, गतवर्षों के पीक सीजन के कृषक सम्पर्क डेटाबेस को निकालकर कृषकों से निरन्तर सम्पर्क स्थापित कर, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर चौपाल, बीज/खाद भण्डार, कृषि गोदाम आदि स्थलों जहां कृषकों की आवाजाही स्थल पर पम्पलेट्स व पोस्टर एवं मौखिक प्रचार-प्रसार के माध्यम से गेहूँ विक्रय करने हेतु प्रेरित किया जाये। गेहूँ के बड़े व्यापारी, कमीशन एजेण्ट, थोक विक्रेता, गेहूँ स्टॉकिस्ट, फ्लोर मिल आदि की बैठक कर गेहूँ के अवैध संचरण व भण्डारण पर प्रवर्तन कार्य कराये जाने के संम्बन्ध में शासनादेशानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाये। जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ समर्थन मूल्य रू0 2275.00 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष रबी विपणन वर्ष 2023-24 से रू0 150.00 प्रति कुन्तल अधिक है। उन्होंने बताया कि जनपद रायबरेली में कृषक बंधुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 122 गेहूँ क्रय केन्द्र जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा अनुमोदित किये गये है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 11 क्रय केन्द्र अधिक है जिसमें खाद्य विभाग के 32, पी0सी0एफ0 के 55, पी0सी0यू0 के 20, भारतीय खाद्य निगम के 08, नैफेड के 05 एवं मण्डी परिषद के 02 कय केन्द्र सम्मिलित है। तहसीलवार विवरण के अनुसार सदर में 33, महराजगंज में 19, लालगंज 12, ऊँचाहार 16, डलमऊ 14 एवं तहसील सलोन में 28 कुल 122 जनपद में गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बंधुओं को खाद्य विभाग के पोर्टल।२.४स्त्र.ङ्ग५.ल्ल अथवा विभाग के मोबाइल एप ४स्त्र ह्व२ल्ले ३१ पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से ही गेहूँ क्रय किया जायेगा। गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक कृषक खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व ही पंजीकरण करायें एवं भारत सरकार की न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठायें। गेहूँ विक्रय हेतु कृषक बन्धु किसी भी जन-सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे या स्वयं अथवा राजकीय कय केन्द्रो पर जाकर निशुल्क पंजीकरण की व्यवस्था है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 पूर्व में पंजीकरण करा चुके कृषकों को गेहूँ विक्रय हेतु पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। परन्तु इस पंजीकरण को संशोधित कर पुनः लॉक कराना होगा। यदि कृषक पंजीयन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते है। गेहूँ कृषक पंजीयन की प्रक्रिया 01 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ है कृषक बंधुओं से अपील है कि अपने पंजीयन समय से करा लें। जनपद में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एमएसपी) पर राजकीय क्रय केन्द्रो पर 01 मार्च, 2024 से गेहूँ क्रय प्रारम्भ है। केन्द्र प्रभारियों को गांव-गांव में जाकर किसानों से सम्पर्क कर पंजीकरण कराये जाने एवं किसानों से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने हेतु प्रेरित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ खरीद में 100 कुंटल तक की गेहूँ की मात्रा के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। आगामी खरीद सत्र में बटाईदारो के माध्यम से भी गेहूँ खरीद की जा रही है। कृषक बंधुओं को छनाई-उतराई हेतु लेबर चार्ज रू0 20 प्रति कुंतल अतिरिक्त उनके आधार लिंक बैंक खाते में प्रेषित किया जायेगा। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत क्रय केन्द्रो पर गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एनपीसीआई पोर्टल पर मैप्ड एवं संक्रिय होना आवश्यक है। गेहूँ के मूल्य का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे कृषक बंधुओं के आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जायेगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने कृषक बंधुओं से अनुरोध किया है कि न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत (एमएसपी) पर गेहूँ खरीद योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण कराएं और राजकीय क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय कर 48 घंटे के भीतर अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते में भुगतान प्राप्त करें। जनपद में फ्लोर मिल व थोक व्यापारियों के यहां छापेमारी कर भण्डारण की जांच करने एवं सम्बन्धित अभिलेख/प्रपत्रों में पायी गयी अनियमितता पर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए ऊंचाहार, सलोन और सरेनी के सेक्टर मजिस्ट्रेटो के साथ बचत भवन में बैठक की। बैठक का उद्देश्य मतदान बूथों पर हुई तैयारियो की समीक्षा करना था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो भी कमियां रह गई है उसे समय रहते ठीक करा ली जाए। बूथों पर बिजली,पानी, शौचालय, फर्नीचर और सेड की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि शौचालय नियमित रूप से क्रियाशील होने चाहिए और उनकी साफ सफाई भी समय से कराई जाए। यह सुनिश्चित करा लिया जाए की बूथों पर चार्जिंग पॉइंट भली भांति क्रियाशील हो। मतदान बूथों पर खिड़की, दरवाजे और प्रवेशद्वार व्यवस्थित कर लिया जाए। मतदान केंद्रों को जाने वाले रास्तों को चिन्हित कर उसकी मरम्मत करा ली जाए। रूट चार्ट को आपस में साझा कर लिया जाए। जिन भी प्राथमिक विद्यालय और पंचायत भवन में मतदान केंद्र बने हैं वहां यह देख लिया जाए कि मतदान कर्मियो के बैठने,प्रकाश और पंखों की व्यवस्था हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी,नगर मजिस्ट्रेट बाबूराम, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अतिरिक्त सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

'मोदी की गारंटी' और 'योगी पर यकीन' से लगातार बढ़ रहा भाजपा का ग्राफ

आगरा की नौ विधानसभा, दो लोकसभा सीट और नगर निकायों में भगवा

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने 4.91 लाख से अधिक वोटों से जीती थी फतेहपुर सीकरी सीट

डबल इंजन सरकार के कार्यों से इस बार भी आगरा व फतेहपुर सीकरी सीट भाजपा की झोली में जाने को तैयार

अमन लेखनी समाचार

आगरा : सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से भारतीय जनता पार्टी के वोटों का ग्राफ लगातार बढ़ता गया। जनपद आगरा में लोकसभा चुनाव, विधानसभा चुनाव और नगर निकाय चुनाव में योगी मॉडल की बदौलत भाजपा ने सफलता हासिल की। 'मोदी की गारंटी' और 'योगी पर यकीन' से मतदाताओं ने भाजपा पर एकतरफा विश्वास व्यक्त किया है। यूपी में योगी सरकार के प्रशासनिक मॉडल ने भाजपा के आधार को मजबूत करने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी का परिणाम है कि आगरा की नौ विधानसभा सीट, दो लोकसभा सीट, महापौर और अधिकांश नगर निकायों पर भाजपा का ही कब्जा है।

2014, 2019 के बाद अब 2024 में भी दिखेगा 'कमल का कमाल'

2014 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की सुनामी में आगरा लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया की जीत हुई थी। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कठेरिया को कुल 5,83,716 मत प्राप्त हुए थे। वर्ष 2017 में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सूबे की कमान संभाली। वर्ष 2019 में हुए चुनाव में आगरा लोकसभा सीट पर भाजपा ने प्रो. एसपी सिंह बघेल को उतारा। इस चुनाव में योगी फैक्टर का असर साफ तौर पर दिखाई दिया। प्रो. एसपी सिंह बघेल की जीत हुई। उन्हें कुल 6,44,431 वोट मिले। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को पिछली बार की अपेक्षा 60 हजार अधिक मत मिले और बघेल 2,10,053 वोट से जीते। वहीं फतेहपुर सीकरी सीट से प्रत्याशी राजकुमार चाहर ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर को कुल 6, 67,147 मत मिले। चाहर को 64.99 प्रतिशत वोट मिले और चाहर ने रिकॉर्ड चार लाख 91 हजार वोट से जीत दर्ज की थी। चाहर ने कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर को रिकॉर्ड मतों से हराया था।

2022 विधानसभा चुनावों में भी 9 में 9 पर कमल

आगरा जनपद में विधानसभा की 9 सीटें हैं और दो लोकसभा सीटें हैं। आगरा और फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र हैं। आगरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट आती है। आगरा उत्तर, आगरा दक्षिण, आगरा छावनी, एत्मादपुर और जलेसर (एटा जनपद) विधानसभा क्षेत्र है। वहीं फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में फतेहपुर सीकरी, आगरा ग्रामीण, फतेहाबाद, खेरागढ़ और बाह विधानसभा सीट हैं। वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने सभी 9 सीटें जीतकर जिले में अपना परचम लहरा दिया। हर सीट पर न केवल जीत का अंतर बढ़ा, बल्कि वोट प्रतिशत में भी जबरदस्त उछाल आ गया। भाजपा प्रत्याशियों को 64 फीसदी तक वोट पड़े। वर्ष 2022 में भी योगी मॉडल की बदौलत भाजपा ने एक बार फिर विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड वोट हासिल कर सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज की।

नगर निगम चुनाव में सीट के साथ ही भाजपा का वोट भी बढ़ा

नगर निकाय चुनाव में भी योगी फैक्टर ने वोटों में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी रखा। वर्ष 2017 के नगर निकाय चुनाव में भाजपा के नवीन जैन आगरा नगर निगम के मेयर का चुनाव जीते थे। उन्हें करीब 57000 वोट से जीत मिली थी। 2023 में हुए नगर निकाय चुनाव में आगरा मेयर सीट पर भाजपा की हेमलता दिवाकर कुशवाहा ने 1,08,468 वोट से जीती थी।

प्राथमिक स्कूल प्रथम देवकली में पहली बार बना वार्षिकोत्सव, बीएसए ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के सैदपुर तहसील के देवकली स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम में पहली बार वार्षिकोत्सव मनाया गया। निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूल में भी पहली बार हुए इस वार्षिकोत्सव के आयोजन को देखने के लिए अभिभावकों सहित आमजन की भारी भीड़ जुटी। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का मन मोह लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जिले के बीएसए हेमंत राव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। जिसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किए। जिनकी सभी ने सराहना की। अंत में बीएसए ने कक्षाओं में बच्चों के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें सम्मानित करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ ही युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस दौरान उक्त स्कूल के छात्र सत्यम कुमार को अटल आवसीय विद्यालय में चयनित होने के लिए व जिला निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली योगिता को सम्मानित करने के साथ ही सभी कक्षाओं के टॉपर्स को उन्होंने सम्मानित किया। जिसमें उन्होंने साहना, शुभम, आयुषी, दीपिका व अवि यादव को प्रमाणपत्र व अन्य पुरस्कार दिया। इसके बाद स्कूल में नव प्रवेशित बच्चों में नए सत्र की किताबें भी वितरित कीं। इस मौके पर बीईओ उदय चंद राय, रितेश सिंह, हेड संकुल विपिन शुक्ला, दीपक जायसवाल, महेन्द्र सिंह, दिवाकर सिंह, विनोद कुमार पांडेय आदि अध्यापक और अध्यपिका के साथ अभिवावक भी उपस्थित थे।

रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने बिना परमिट के जा रहे ट्रक बरामद कर, पंजीकृत अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक-03.04.2024 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 153/24 धारा 186, 279, 379, 411 भादवि व 3/57/72 उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली व 4/21 खान एवं खनिज अधि0 व धारा 3 सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 में वांछित 02 नफर अभियुक्तगण को सब्जी मण्डी रॉबर्ट्सगंज अपने वाहनों के पास मौजूद वाहन सं0 वढ 64 इळ 6092 हाईवा चालक बबलू पुत्र पहरु यादव निवासी जयमोहनी, थाना नौगढ, चन्दौली उम्र करीब 32 वर्ष 2. वढ 64 इळ 9589 हाईवा चालक हिमांशु यादव पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम बोझ थाना नौगढ चन्दौली उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूर्वांचल राज्य के मुद्दे को उठाने वाले को समर्थन - पवन कुमार सिंह

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा की बुधवार को तहसील परिसर राबर्ट्सगंज में बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रवक्ता संदीप जयसवाल ने की। मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि चुनाव में पूर्वांचल राज्य की मांग को दोहराते हुए एलान किया कि जो दल इस मांग का समर्थन करेंगे मोर्चा उसी को समर्थन देगा। यूपी की आबादी 23 करोड़ से ऊपर है। इसके एक छोर से दूसरे छोर के बीच की दूरी करीब 700 सौ किलोमीटर है। ऐसे में विकास योजनाओं को गति देने और आम जनता की सहूलियत के लिए पूर्वांचल राज्य बनाना जरूरी है। जिलाध्यक्ष सोनभद्र शिवप्रकाश चौबे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो पूर्वांचल को अलग करने का मुद्दा उठाएगा हम उसे ही समर्थन देंगे। आर्थिक दृष्टि से पूर्वी यूपी लगातार पिछड़ेपन के शिकार रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता मतदान करने को जागरूक करेंगे जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके ! संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष सन्तोष चतुवेर्दी ने किया। इस अवसर पर विमल प्रसाद सिंह, सुरेश सिंह, अतुल कुमार कनौजिया, राकेश मिश्र,काकू सिंह, सतीश कुमार सिंह,दीप नारायण पटेल, रामेश्वर नाथ पांडेय, नेतराज पटेल, नवीन कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

पाक्सो एक्ट के प्रकरण में 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निकट पर्यवेक्षण में महिला सम्बन्धी अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-03.04.2024 को थाना दुद्धी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-58/2024 धारा- 363, 366, 323, 354 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अशोक कुमार यादव पुत्र छकौड़ी यादव निवासी दीघुल, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र को मुखबिर की सूचना पर निमियाडीह से दुद्धी जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

अबैध रूप से चल रहे प्राइवेट अस्पताल पर डिप्टी सीएमओ का छापा

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के जखनिया तहसील के शादियाबाद थाना क्षेत्र के शादियाबाद कस्बे के प्रधान मोड़ पर अवैध रूप से संचालित एमडी हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ व जिला प्रशासनिक अधिकारी पीसी चौहान की टीम ने औचक छापेमारी की। लेकिन मौका पाकर अस्पताल संचालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल में हो रही भारी गड़बड़ी व इसमें शामिल अस्पताल संचालक धर्मेंद्र यादव के खिलाफ सीएमओ कार्यालय में कई लोग शिकायतें कर चुके हैं। जिसके बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा कई बार संचालक को फोन किया तो पूर्व में भी उसके यहां कई बार दबिश दी गई लेकिन वो चकमा देकर फरार हो जाता था। आज भी स्वास्थ्य विभाग की टीम उसके अस्पताल पर पहुंची तो वो पुनः मौके से फरार हो गया। लेकिन इस बार डिप्टी सीएमओ मुंशीलाल पूरी तैयारी के साथ आए थे और उन्होंने अस्पताल संचालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में नोटिस जारी करते हुए उसे अस्पताल पर चिपकाया और एक हफ्ते के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया। एक सप्ताह में जवाब न देने पर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही की जाएगी।

अग्रवाल समाज ने आयोजित किया होली मिलन

रेणुकूट/सोनभद्र स्थानीय नगर पंचायत में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रेणुकूट अग्रवाल समाज समिति ने होली मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की वंदना एवं माता लक्ष्मी व अग्रसेन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों का मन मोह लिया। महिलाओं ने होली के गीतों की प्रस्तुति करके श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को एवं अच्छी प्रस्तुति देने वाले सदस्यों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर एवं आबिर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अनुज अग्रवाल, राम रतन अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल विष्णु मोदी, विवेक अग्रवाल, विजय अग्रवाल समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अनपरा पुलिस ने 1 अवैध बन्दूक 12 बोर के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के कुशल निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये जाने एवं अवैध शस्त्र की तस्करी व बिक्री के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्लायल) व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्वेक्षण व नेतृत्व में आज दिनांक 03.04.2024 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुलडोमरी से अभियुक्त देव कुमार पटेल पुत्र बल्ले पटेल निवासी कुलडोमरी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के कब्जे से एक अदद अवैध बन्दूक 12 बरामद कर गिरफ्तार किया गया । बरामदगी एवं गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-73/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही योगी सरकार

- अपराध खत्म, अपराधी जेल के अंदर...मांग रहे अपनी जान की भीख

- सपा, बसपा के राज में उत्तर प्रदेश ने झेला दंगा, अब उत्सव का है माहौल

- डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में पिछले सात सालों में बदली यूपी की तस्वीर

अमन लेखनी समाचार

आगरा। योगी सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों की कमर तोड़ रही है। यही कारण है कि आज आगरा और फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में सुख, समृद्धि और विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। जिस आगरा और सीकरी के क्षेत्र में पहले सूर्यास्त होने के बाद थानों में भी ताले लग जाते थे। अब यहां के ज्यादातर अपराधी जेल में हैं। बहुत से गले में पट्टी डालकर जान बख्शने की भीख मांग रहे हैं। अब आगरा सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कानून का राज कायम है। योगी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखती आई है। खुद सीएम योगी आदित्यनाथ को बुल्डोजर बाबा के नाम से भी जाना जाता है। माफिया, गुंडों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते प्रदेश में अपराधियों की रूह कांपती है। अपराधियों के घर पर बुलडोजर चलाने की बात हो या फिर उपद्रवियों से हजार्ना वसूलने की बात हो, योगी सरकार कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ किसी भी तरह की कोई रियायत नहीं बरतती है। योगी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखती आई है। माफिया, गुंडों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते प्रदेश में अपराधियों की रूह कांपती है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 01 जुलाई 2023 से प्रदेश के अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी और शत- प्रतिशत गवाहों की गवाही कराकर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान चलाया गया था। योगी सरकार ने कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये जनवरी 2024 तक सनसनीखेज हत्या, डकैती, लूट, चोरी, वाहन चोरी व अन्य सनसनीखेज अपराध के मामलों में अपराधियों को सजा दिलाई गई। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत आगरा कमिश्नरेट ने जुलाई 2023 से जनवरी 2024 तक 349 अपराधियों को सजा दिलायी और प्रदेश में टॉप 10 में शामिल रहा। पिछले 7 साल के भीतर जिस तरह से प्रदेश की कानून व्यवस्था को पूरी तरह से बदलने का काम योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है, उससे ना सिर्फ प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है, बल्कि निवेश बढ़ रहा है। प्रदेश में विकास तेज गति से हो रहा है, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश अब मोदी जी की गारंटी और योगी जी के प्रशासनिक मॉडल पर विश्वास करता है। डबल इंजन की सरकार में जहां 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, चार करोड़ गरीबों को आवास, 12 करोड़ परिवारों को देश में 5 लाख का बीमा कवर मिलता है। वहीं 12 करोड़ लोगों के लिए शौचालय, 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिलता है, यही मोदी जी की गारंटी है। जो नारी सुरक्षा का भी ध्यान रखती है और देश की संप्रभुता का भी ध्यान रखती है। यही कारण है कि आज उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में दंगा नही बल्कि उत्सव का माहौल है।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews @gmail.com

अल्लू के बर्थडे पर आउट होगा पुष्पा 2 का टीजर

मुंबई। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन कुछ दिनों बाद अपना 42वां बर्थडे सेलिब्रेट करने जा रहे हैं। इस मौके को और खास बनाने के लिए पुष्पा 2 की टीम फिल्म का दूसरा टीजर रिलीज करने जा रही है। मंगलवार को पुष्पा 2 के टीजर रिलीज की आधिकारिक घोषणा की गई है। फिल्म का नया पोस्टर रिलीज करने हुए मेकर्स ने फिल्म के टीजर रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। पुष्पा 2 का टीजर अल्लू अर्जुन के बर्थडे यानी 8 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। वहीं, फिल्म के नए पोस्ट की बात करें, तो इसमें पैर में घुंघरू बांधे एक पैर को दिखाया गया है, जो पुष्पा राज का हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला

ट्रैक सूट में दिखा कूल लुक

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स को उनके रिस्की और डेरिंग आउटफिट्स के लिए जाना जाता है। लो-राइज जींस हो या कोई क्लासिक लेदर आउटफिट एक्ट्रेस हर ड्रेस को अपने ही स्टाइल में कैरी करती हैं। हाल ही में जूलिया फॉक्स की एयरपोर्ट से कुछ तस्वीरें सामने आई, जिसमें उनका कूल लुक देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में जूलिया फॉक्स ब्लू कलर के वेलवेट ट्रैक सूट में नजर आ रही हैं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, शेड्स से लुक को पूरा किया है। एयरपोर्ट पर हसीना स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं।

लाइफ Style

सामंथा

एटली की अपकमिंग मूवी में एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

क्या आप साउथ के तीन जाने-माने चेहरों की तिकड़ी को साथ में देखना चाहते हैं? ये तिकड़ी है शाहरुख खान की 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली, 'पुष्पा' स्टार अल्लू अर्जुन और फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की। सामंथा ने पहले अल्लू अर्जुन और एटली दोनों के साथ ही काम किया है।

एटली अपनी अपकमिंग मूवी के लिए अल्लू अर्जुन का नाम फाइनल कर चुके हैं और अब वो हीरोइन के रूप में सामंथा को बोर्ड में लेना चाह रहे हैं। दोनों के बीच बातचीत चल रही है। अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट आना बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, एटली अब अल्लू अर्जुन के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। दोनों अक्टूबर 2024 से इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। दोनों ने सब्जेक्ट को फाइनल कर लिया है और एटली ने इस प्रोजेक्ट के लिए कास्टिंग का प्रोसेस शुरू कर दिया है।

प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एटली अपनी फिल्म की हीरोइन के लिए सामंथा रुथ प्रभु से बातचीत कर रहे हैं। अगर ये खबर सही साबित होती है तो सामंथा और अल्लू एक बार फिर से साथ में स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। 'पुष्पाः द राइज' फिल्म में सामंथा का आइटम सॉन्ग था, जो खूब पॉप्युलर हुआ था। सूत्र का कहना है कि सामंथा और एटली के बीच पुराने समय से ही बहुत अच्छा रिश्ता रहा है। दोनों पहले 'थेरी' फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। अगर सामंथा, अल्लू अर्जुन और एटली की तिकड़ी साथ में काम करती है तो ये उनका री-यूनियन होगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का बजट बहुत ज्यादा होने वाला है।



क्रू ने किया 30 करोड़ का आकड़ा पार

मुंबई। फिल्म 'क्रू' ने 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। इस फिल्म को रिलीज के साथ ही बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। मूवी में तीनों हसीनाओं ने अपनी एक्टिंग का ऐसा जादू बिखेरा की फिल्म ने महज तीन दिनों में ही शानदार कमाई कर डाला। ऐसे में अब 'क्रू' के चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े सामने आ चुके हैं। 'क्रू' में करीना, तब्बू और कृति ने एयर होस्टेस का रोल निभाया है। तीनों की तिकड़ी ने ऑडियंस को जमकर एंटरटेन तो किया ही है साथ ही खूब हंसाया भी है। चार दिन में फिल्म की कुल कमाई 30.78 करोड़ रुपए हो गई है। क्रू भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना कब्जा जमा रही है, लेकिन इसके सामने कई बड़ी फिल्में मुकाबले के लिए खड़ी हैं। अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' लगातार बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' भी सामने खड़ी है।



मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म मैदान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। काफी समय से इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस ट्रेलर देखकर काफी खुश हैं और अब फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रियमणि से, जो कहती हैं वैसे पूरी इंडिया में किसी को नहीं लगता कि हम जीते हैं पर आपको लगता है। कब? इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय भारत के लिए एक फुटबॉल की टीम तैयार कर रहे हैं। वह चुन-चुनकर खिलाड़ी लेकर आते हैं जहां मैनेजमेंट से भी उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। देश का नाम रोशन करने के बीच अजय के खिलाफ जब पूरी दुनिया हो जाती है तो कैसे वह लड़ते हैं यही मैदान की कहानी है। ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

ट्रोलिंग से परेशान लिज्जो ने ट्रोलर्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

लॉस एंजेलिस। सिंगर-सॉन्गराइटर लिज्जो ने अपने आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। 35 वर्षीय सिंगर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक लंबा नोट शेयर किया और कहा कि वह लोगों द्वारा किए जाने वाले इंटरनेट ट्रोलिंग से थक गई हैं। लिज्जो ने लिखा, मैं बस अच्छा म्यूजिक बनाना चाहती हूं, ताकि लोगों को खुश कर सकूं और दुनिया को जैसा मैंने पाया, उससे थोड़ा बेहतर बनाने में मदद कर सकूं। लेकिन मुझे ऐसा लगने लगा है कि दुनिया मुझसे ऐसा नहीं चाहती। मैं लगातार मेरे बारे में बोले जाने वाले झूठ का विरोध करती हूं। मैं कैसी दिखती हूं, इसको लेकर हर बार मजाक बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके करेक्टर को वो लोग गलत ठहरा रहे हैं, जो उन्हें जानते तक नहीं और उनके नाम को बदनाम कर रहे हैं। हालांकि, सिंगर ने यह नहीं बताया कि इस पोस्ट के पीछे क्या कारण है, लेकिन कमेंट सेक्शन में उनके दोस्त और फैंस उत्साहवर्धक कमेंट कर रहे हैं।

पूजा की लाइफ में प्यार की एंट्री रोहन मेहरा संग स्पॉट हुई एक्ट्रेस

मुंबई। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी निजी जिंदगी के मामले में लो प्रोफाइल रहती हैं। लेकिन वो इस बार कथित बॉयफ्रेंड रोहन मेहरा के साथ स्पॉट की गईं। दोनों की तस्वीरें मुंबई के बांद्रा में पपाराजी ने लीं। पूजा और रोहन को एक ही कार में साथ जाते हुए भी देखा गया। पूजा कथित तौर पर पिछले कुछ समय से रोहन को डेट कर रही हैं। वह दिवंगत एक्टर विनोद मेहरा के बेटे हैं। रोहन ने 2018 में सैफ अली खान के साथ 'बाजार' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। रोहन का नाम पहले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' स्टार तारा सुतारिया के साथ जोड़ा गया था। हालांकि, मई 2019 में दोनों के अलग होने की खबरें आने लगीं। 2023 में पूजा तब सुर्खियों में आईं जब कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वह मुंबई के एक क्रिकेटर को डेट कर रही हैं और जल्द ही उनके साथ शादी के बंधन में बंधेंगी। एक्ट्रेस ने इन अफवाहों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया। पिछले महीने पूजा मिस वर्ल्ड 2024 के ग्रैंड फिनाले में जजों में से एक थीं। पपाराजी के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लाइफ सर्कल पूरा हो गया है क्योंकि मैं कॉम्पटिशन में रनर अप रही थी, लेकिन आज मैं इसे जज कर रही हूं। वर्कफ्रंट पर, पूजा को आखिरी बार सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था।



मोहिना कुमारी के घर गूंजी नन्हीं शहजादी की किलकारी

मुंबई। टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता फेम मोहिना कुमारी सिंह के घर हाल ही खुशियों ने दस्तक दी है। मोहिना कुमारी का घर आखिरकार किलकारियां गूंज उठी है। एक्ट्रेस ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। बता दें कि अभी तक खुद मोहिना ने सोशल मीडिया के जरिए ये जानकारी अपने फैंस को नहीं दी है। इस बारे में हालांकि अभी और जानकारी सामने नहीं आ पाई है हालांकि उनके फैन पेज ने मोहिना के दूसरी बार मां बनने की खबरों को लेकर कई पोस्ट किए हैं। देखना होगा कि अदाकारा के परिवार से ये न्यूज कब तक कंफर्म हो पाती है। मोहिना ने 14 अक्टूबर 2019 को उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज के छोटे बेटे सुयश रावत के साथ शादी रचाई थी। उस समय इस शाही शादी की चर्चा पूरे देश में हुई थी। शादी के करीब ढाई साल बाद कपल ने 15 अप्रैल 2022 एक प्यारे से बेटे का स्वागत किया, जिसका नाम उन्होंने रेयांश रखा है। वहीं अब कपल दूसरी बार पेरेंट्स बना। फिलहाल हमें एक्ट्रेस की बेटी की तस्वीर का इंतजार है। हम मोहिना और सुयश रावत को बच्चे को ढेर सारी बधाई देते हैं।

2025 में आएगा फर्जी का सीक्वल

मुंबई। शाहिद कपूर ने 'फर्जी' से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर खूब धूम मचाई। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया। वहीं फैंस इस सीरीज़ के सीक्वल का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच 'फर्जी 2' की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया हैं। इसमें बताया गया कि फर्जी 2 अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी। वहीं शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में फर्जी के सीक्वल को लेकर कहा था, तो निश्चित रूप से फ़र्ज़ी का दूसरा सीज़न आएगा। जिस तरह से इस सीरीज़ का पहला पार्ट खत्म हुआ था वह काफी अच्छा था। इसलिए बहुत कुछ होने की संभावना है। हालांकि मैंने अभी तक ओटीटी के लिए किसी भी चीज़ के लिए हां नहीं कहा है, लेकिन फर्जी 2 ज़रूर बनेगी। बता दें फर्जी वेब सीरीज में विजय सेतुपति एक पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आए थे, जबकि शाहिद कपूर ने एक चोर की भूमिका निभाई थी, जिसने सभी को चौंका दिया था। इस सीरीज में शाहिद कपूर और विजय सेतुपति के अलावा केके मेनन, राशि खन्ना और भुवन अरोड़ा भी नजर आए थे।

सलीम ने कर दी थी संजीव की तारीफ, खफा हो गए थे राजेश, बंद कर दी बातचीत

संजीव कुमार के कारण आ गई थी सलीम खान और राजेश खन्ना की दोस्ती में खटास

मुंबई। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार राजेश खन्ना के रुतबे और रौब की कई कहानियां सुनने को मिल जाती हैं। फैंस के दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना किसी के आगे झुकने वालों में से नहीं थे। कई बार काका का ये रवैया उनके रिश्तों के बीच भी आया। ऐसा ही एक किस्सा राजेश खन्ना का सलीम खान से जुड़ा हुआ है, जब संजीव कुमार की तारीफ करने पर वो नाराज हो गए थे। राजेश खन्ना और सलीम खान के बीच गहरी दोस्ती रही थी।

कैसे शुरू हुआ किस्सा

राजेश खन्ना और सलीम खान की दोस्ती में खटास तब आ गई थी, जब एक मैग्जीन में संजीव कुमार का आर्टिकल छपा और उसमें सलीम खान का जिक्र था। रिपोर्ट के अनुसार, एक बार राजेश खन्ना बांद्रा के महबूब स्टूडियो में अपनी किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान उनके हाथ एक मैग्जीन लगी, जिसने संजीव कुमार पर कवर स्टोरी की थी, इसमें सलीम जावेद ने उनकी तारीफ की थी और उन्हें एक मंझा हुआ कलाकार बताया था।

सलीम को भेजा बुलावा

राजेश खन्ना ने मैग्जीन पड़ते ही अपने ड्राइवर से सलीम खान को लेकर आने के लिए कहा। उनका घर महबूब स्टूडियो के पास ही था। ड्राइवर उन्हें लेने पहुंचा और कहा कि काका ने आपको बुलाया है। इस पर सलीम खान ने कहा कि ठीक है मैं तैयार होकर आता हूं, लेकिन ड्राइवर ने जोर देते हुए कहा कि अभी चलना होगा काका ने तुरंत बुलाया है।

सलीम से रूठे काका

राजेश खन्ना ने सलीम जावेद से पूछा तो आपको लगता है कि संजीव कुमार एक अच्छे अभिनेता हैं ? जवाब देते हुए सलीम खान ने कहा-हां, बिल्कुल। अगर कोई मैग्जीन आप पर कवर स्टोरी करेगा, तो मैं आपकी भी तारीफ करूंगा। इतना सुनते ही राजेश खन्ना उठे और वहां से चले गए। इसके बाद 6 महीनों तक उन्होंने सलीम खान से कोई बात नहीं की और राब्ता खत्म कर दिया।

टॉक्सिक में नजर आएंगी करीना और कियारा

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार यश इन दिनों अपकमिंग मूवी 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है। अब कास्टिंग को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि तीन-तीन हसीनाएं होंगी, जिनमें से दो का नाम भी फाइनल हो गया है। ये दो हसीनाएं बॉलीवुड से चुनी गई हैं। इनका नाम करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, टॉक्सिक में तीन-तीन लीडिंग एक्ट्रेसेस होंगी। बोर्ड में करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को शामिल कर लिया गया है। मेकर्स जल्द ही इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी करने वाले हैं। सूत्र ने ये भी खुलासा किया है कि करीना फिल्म में यश की बहन का रोल करने वाली हैं। अगर ऐसा होता है तो करीना इस फिल्म से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगी। बताया जा रहा है कि ये फिल्म ड्रग कार्टेल पर बेस्ड है, जो गोवा में समंदर के किनारे धड़ल्ले से चल रहा है। हाल ही में फिल्म के सेट से एक फोटो और वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें यश डायरेक्टर के साथ शूटिंग और लोकेशन को लेकर प्लानिंग बना रहे थे। इस फिल्म को रिलीज होने में अभी काफी वक्त है। कहा जा रहा है कि ये अगले साल 2025 में रिलीज हो सकती है।